दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 28 मई 2025 कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 48 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

पोलावरम बांध : कोंटा सहित डूब जाएंगे सुकमा जिले के 9 गांव, 40 हजार होंगे प्रभावित

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के विवाद का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बैठक में करेंगे निराकरण

सुकमा/कोंटा /नवप्रदेश। आंध्रप्रदेश की सीमा पर बन रहे पोलावरम बांध का छत्तीसगढ़ में व्यापक असर पड़ेगा। इस बांध की वजह से सर्वाधित प्रभावित सुकमा जिला है, जहां के कोंटा सहित 9 गांव में बसर करने वाले करीबन 40 हजार दोरला आदिवासियों की बसाहट उजड़ जाएगी। अब इस विवाद के निपटारे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल याने 28 मई को छत्तीसगढ़ सहित चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की अहम बैठक दिल्ली में होगी। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मौजूद राज्य के जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास जैसे मुद्दे पर बढ़ते अंतर-राज्यीय तनाव का सवर्मान्य समाधान खोजने में प्रधानमंत्री मोदी की सीधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांध के ऊंचाई को लेकर छत्तीसगढ़ की आपत्ति

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सीम्रांध में बन रहे पोलावरम बांध की ऊंचाई 150 फीट से ज्यादा नहीं करने के लिए विधानसभा में साल 2016 में सर्वसम्मति पारित किया था। लेकिन 150 फीट के संकल्प को नकारते हुए बांध का निर्माण लगभग 177 फीट ऊंचाई के साथ अपनी गति से चल रहा है। ऐसे में कोंटा के 40 हजार दोरला आदिवासियों का घर उजाड़ना लगभग तय माना जा रहा है।

मुख्य विशेषताएं और उद्देश्य

- **सिंचाई-** इस परियोजना को 4,36,825 हेक्टेयर के सकल क्षेत्र की सिंचाई के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **जल विद्युत-** इससे 960 मेगावाट जल विद्युत उत्पन्न होने की उम्मीद है।
- **पेयजल-** इस परियोजना का उद्देश्य 611 गाँवों की 28.50 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराना है।
- **जल मोड़-** इसमें 80 टीएमसी पानी को कृष्णा नदी बेसिन में मोड़ने का प्रस्ताव है।
- **अन्य लाभ-** इस परियोजना का उद्देश्य नौवहन सुविधाएँ, मत्स्य पालन विकास, मनोरंजन प्रदान करना और शहरीकरण में योगदान देना भी है।

आज बेबाक

आपरेशन सिंदूर से बर्बाद हुआ पाकिस्तान अब भीख का कटोरा लेकर दर-दर भटक रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ पहले तुर्की गये और अब इरान पहुंचे हैं। जहां से खैरात मांगने के साथ ही वे गिड़गिड़ा कर यह भी फरियाद कर रहे हैं कि कोई तो उनकी भारत के साथ बातचीत करा दें। दरअसल आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 होने से आशंकित शाहबाज शरीफ को यह बात समझ आ गई है कि भारत से पंगा मोल लेकर उन्होंने अपने पैर कुल्हाड़ी पर मार लिए है। ऊपर से पीएम मोदी ने और धमका दिया है कि मेरी गोली तैयार है।

ट्रक की टक्कर से छह की मौत

बीड (वार्ता)। महाराष्ट्र के बीड जिले में सोमवार देर रात धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर पर फंसी यात्री वाहन को हटाने के प्रयास में जुटे बचावकर्मियों के एक समूह को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और अन्य एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि यात्री वाहन जिले के गेवराई शहर के पास गढ़ी पुल पर डिवाइडर से टकरा गया। हालांकि दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन वाहन डिवाइडर पर फंस गया था। उन्होंने बताया कि राहगीर फंसे वाहन को निकालने के लिए इकट्ठा हुए तो राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री वाहन को हटाने में लगे सात लोगों को टक्कर मार दी जिसमें से छह की मौत हो गई।

कार में मिले सात लोगों के शव

पंचकूला (वार्ता)। हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए।

गुजरात में मोदी का विपक्ष पर तंज

ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि यहां कोई सबूत न मांगे

गांधी नगर (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने सिंधू जल संधि का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पाकिस्तान हमसे सीधी लड़ाई में नहीं जीत पाया तो उसने आतंकियों को हमारे देश में भेजना शुरू किया। यानी उन्होंने प्रॉक्सी वॉर का सहारा लिया। जिसे हम आज तक प्रॉक्सी युद्ध कहते थे, 6 मई के बाद जो दृश्य देखने को मिले, उसके बाद हम अब इसे प्रॉक्सी युद्ध कहने की गलती नहीं कर सकते। हमने जिन आतंकियों को मिट्टी में मिलाया, वहां उनके जनाजों को सम्मान दिया गया, उसकी ताबूत पर पाकिस्तानी झंडे रखे गए। इससे पाकिस्तान का नापाक चेहरा सभी के सामने आ गया। मात्र 22 मिनट के भीतर 9 आतंकवादी ठिकानों की पहचान कर उन्हें नष्ट कर दिया गया, तो यह एक निर्णायक कार्रवाई थी। इस बार सब कुछ कैमरों के सामने किया गया, ताकि घर पर कोई सबूत न मांग सके। हमें इस बार सबूत नहीं देना पड़ रहा है उधर वाले सबूत दे रहे हैं।

सबसे बड़ी चुनौती सरकारी विभागों की एकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे देश में, चर्चाएं शासन के मॉडल के इर्द-गिर्द घूमती हैं और सबसे बड़ी चुनौती सरकारी विभागों की एकता है, विभाग एक-दूसरे से बात नहीं करते, अलग-अलग डेस्क पर बैठे सहकर्मी आपस में समन्वय नहीं रखते। कुछ हद तक, यह सच हो सकता है। लेकिन क्या इसका कोई समाधान है? मैं आपको इसकी पृष्ठभूमि बताता हूं। शहरी विकास के इस मुद्दे को अलग-थलग करके नहीं निपटाया गया। उस समय, हमने प्रत्येक वर्ष को एक विशिष्ट थीम के लिए समर्पित किया था। 2005 को शहरी विकास का वर्ष घोषित किया गया था। एक वर्ष लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित था, दूसरा पर्यटन के लिए...पूरी सरकार का दृष्टिकोण था।

लोकल फॉर वोकल पर क्या बोले पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 6 मई की रात को हमारे सशस्त्र बलों की ताकत के साथ ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ। अब, यह ऑपरेशन सिंदूर लोगों की ताकत के साथ आगे बढ़ेगा। जब मैं हमारे सशस्त्र बलों की ताकत और लोगों की ताकत की बात करता हूं, तो मेरा मतलब है कि हर नागरिक को देश के विकास में भागीदार बनना चाहिए। अगर हम सभी 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते हैं और अपनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर चौथे से तीसरे स्थान पर ले जाना चाहते हैं, तो हम विदेशी उत्पादों पर निर्भर नहीं रहेंगे। हमें गांव के व्यापारियों को यह संकल्प दिलाना चाहिए कि चाहे उन्हें कितना भी मुनाफा हो, वे विदेशी सामान नहीं बेचेंगे। लेकिन दुर्भाग्य से गणेश की मूर्तियां भी विदेश से आती हैं, छोटी आंखों वाली गणेश मूर्तियां, जिनकी आँखें ठीक से खुलती भी नहीं हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबका भला चाहते हैं, बदले में खून की नदियां बहती हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधू जल संधि का जिक्र कर कहा कि हम अपने काम में लगे थे, प्रगति की राह पर चले थे, हम सबका भला चाहते हैं और मुसीबत में मदद भी करते हैं, लेकिन बदले में खून की नदियां बहती हैं। 1960 में जो सिंधु जल समझौता हुआ है अगर उसकी बारीकी में जाएंगे तो आप चौंक जाएंगे। उसमें यहां तक तय हुआ कि जो जम्मू-कश्मीर की अन्य नदियों पर बांध बने हैं उनकी सफाई का काम नहीं किया जाएगा। उसके लिए गेट नहीं खोले जाएंगे। 60 साल तक गेट नहीं खोले गए। जिसमें शत प्रतिशत पानी भरना चाहिए था धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम हो गई। क्या मेरे देशवासियों को पानी पर अधिकार नहीं है क्या? अभी हमने कुछ ज्यादा किया नहीं है और वहां पसीना छूट रहा है। हमने सफाई शुरू की है, इतने से वहां बाढ़ आ जाती है।

ग्राम कनकबीरा में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला

आपके बीच आकर परिवार सा महसूस कर रहा हूं: सीएम

■ **नाले में पुलिया निर्माण, मंगलभवन, कन्या छात्रावास और पंचायत भवन की घोषणा की**

रायपुर /नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम कनकबीरा में उतरा। उन्होंने प्री मैट्रिक बालक छात्रावास परिसर के पास गुलमोहर पेड़ के नीचे अपनी चौपाल लगाई और योजनाओं की जानकारी लेते हुए आम ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों से मिलने का अवसर मिला। आप लोगों ने मुझे 3 बार इस क्षेत्र से सांसद चुना। आज आप सभी से मिलकर खुद को परिवार के बीच होने जैसा महसूस कर रहा हूँ।

मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि पहले चरण में आवेदन लेने के पश्चात दूसरे चरण में लिए गए आवेदन पर कार्यवाही की गई। अब तीसरे चरण में सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी है। इसके माध्यम से हम योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रहे हैं। हमारे अलावा मंत्री,सांसद,विधायक और मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सुशासन तिहार में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर की डॉ. ओमेश्वरी नूतन को प्रतिष्ठित इंडियन विजनरी अवॉर्ड

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले की साहित्यकार डॉ. ओमेश्वरी देवांगन को साहित्य के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंडियन विजनरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें दिल्ली के आकाशवाणी भवन के सेंट्रल हॉल में बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लन के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. ओमेश्वरी देवांगन, जो ओमेश्वरी नूतन के नाम से भी जानी जाती हैं, ने अब तक ग्यारह उपन्यास रचकर हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। उनके इस अनवरत साहित्यिक कार्य को इस पुरस्कार के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुखौटे का दिल्ली में भव्य विमोचन

पुरस्कार समारोह के बाद, डॉ. ओमेश्वरी नूतन के नवीनतम उपन्यास मुखौटे का विमोचन दिल्ली के ऐतिहासिक हिंदी भवन में हुआ। इस अवसर पर साहित्य जगत के कई नामचीन चेहरे और प्रकाशक उपस्थित रहे।

डीएमएफ : ईओडब्ल्यू ने स्पेशल कोर्ट में पेश की 6 हजार पन्नों की चार्जशीट

■ **रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी समेत 9 आरोपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए**

रायपुर/नवप्रदेश। डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में 6 हज़ार पन्नों की चार्जशीट पेश की गई। मामले में रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी समेत 9 आरोपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए।

ईडी की रिपोर्ट के आधार पर डीएमएफ ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया।

जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40प्रतिशत सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है। प्राइवेट कंपनियों के टेंडर पर 15 से 20% अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने ली है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया।

4 हार्डकोर सहित 18 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

■ **समर्पित नक्सलियों पर था 39 लाख का इनाम**

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा ज़िले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। दक्षिण बस्तर डिवीजन और पीएलजीए बटालियन नंबर-01 से जुड़े 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित कुल 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों पर कुल 39 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

इस अभियान को छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत योजना और नक्सल आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत अंजाम दिया गया है। योजना के अनुसार, नक्सलियों से मुक्त घोषित हर ग्राम पंचायत को 1 करोड़ रुपये की विकास राशि प्रदान की जाती है। इन्हीं प्रयासों से प्रभावित होकर कई नक्सली समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं।

बता दें कि नक्सलियों की इतनी बड़ी तादाद में आत्मसमर्पण की इस प्रक्रिया में जिला बल, डीआरजी सुकमा, विआशा सुकमा, रेंज फील्ड टीम कोंटा, सुकमा, जगदलपुर, तथा सीआरपीएफ की 80वीं, 212वीं, 219वीं और कोबरा 203वीं बटालियन की खुफिया इकाइयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चह्वाण ने इस अवसर पर शेष नक्सलियों से भी हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने और सरकार की पुनर्वास योजनाओं का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस ने बसवराजू सहित आठ नक्सलियों का किया अंतिम संस्कार

जगदलपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले के सीमा पर 21 मई को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने 28 नक्सलियों को मार गिराया था। उनके शव के साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया गया था। ऐसे में सभी नक्सलियों के शव को मुख्यालय लाने के बाद उनकी शिनाख्ती की गई। इसके बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बड़ा फैसला... स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 10,463 शालाओं का युक्तियुक्तकरण

■ **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- युक्तियुक्तकरण से शिक्षा होगी बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने राज्य में कुल 10,463 शालाओं के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है, जिसमें ई-संवर्ग की 5849 और टी-संवर्ग की 4614 शालाएं शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यह युक्तियुक्तकरण आदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के निर्देशों के अनुरूप है, जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संसाधनों का संतुलित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है।

युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षा विभाग के निर्णय की सराहना

मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग का दूरदर्शी निर्णय स्कूल शिक्षा को बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। मुख्यमंत्री साय ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षा विभाग के निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि यह कदम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

स्कूल शिक्षा सचिव ने जानकारी दी कि एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता बने रहने से बच्चों की ड्रॉपआउट दर घटेगी, और छात्र ठहराव दर में सुधार होगा।शालाओं के युक्तियुक्तकरण से बच्चों को बार-बार प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनकी शिक्षा यात्रा अधिक सहज और निरंतर होगी। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालय परिसरों में बेहतर अधोसंरचना तैयार करना भी सरल होगा, जिसमें पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और खेल सुविधाएं साझा की जा सकेंगी। राज्य सरकार का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप है, जहां एकीकृत परिसर में प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय किया गया है, न कि किसी पद को समाप्त किया गया है। इस कदम से शिक्षकों का न्यायसंगत वितरण संभव होगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेगी।

राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर से कांपा था पाकिस्तान

जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर का प्रदर्शन किया। इनका इस्तेमाल सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाने के लिए किया गया था।

2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन: इसके साथ ही बीएसएफने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को गिराने के लिए इस्तेमाल की गई 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन का भी प्रदर्शन किया। एक बीएसएफकर्मी ने कहा, 'यह दुश्मन के टैंक, कैंप और ड्रोन को नष्ट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया और उन्हें अपनी सीमा चौकियों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया।'

IG BSF जम्मू शशांक आनंद ने कहा, '9 मई को अखनूर के पास के इलाकों में पाकिस्तान ने बिना उकसावे के गोलीबारी की। 9-10 मई को पाकिस्तान ने अखनूर की सीमा पर भारी गोलीबारी की। क्स्स्न ने योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तान के लूनी आतंकी लॉन्च पैड को निशाना बनाया।'

एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक'

एक बीएसएफकर्मी ने बताया, 'एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' की रेंज 1300 मीटर और 1800 मीटर है। इस हथियार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के टावरों और बंकरों को नष्ट कर दिया।'

स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर

सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में दुश्मन की चौकियों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल की गई स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर के बारे में बताया कि यह स्वचालित ग्रेनेड प्रणाली 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुश्मन की चौकियों, ठिकानों और उनके बुलेटप्रूफवाहनों को नष्ट करने में बहुत सफल हथियार साबित हुई। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का मारक क्षेत्र 10 मीटर है। इसकी मारक क्षमता बहुत प्रभावी है।

मीडियम मशीन गन

पाकिस्तानी बंकरों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मीडियम मशीन गन को लेकर एक बीएसएफ कर्मी ने कहा, 'हमने इस मीडियम मशीन गन से पाकिस्तानी चौकियों और ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह प्रति मिनट 600-1000 राउंड फायर कर सकती है।' BSF DIG एसएस मंड ने बताया, '8 मई 2025 को निगरानी के दौरान सीमा की ओर आ रहे 40-50 लोगों की हरकतों का पता चला। हमने एहतियातन हमला किया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने क्स्स्न की सीमा चौकियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका हमने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इनपुट्स से पता चलता है कि हमारे हमले में कई आतंकवादी, उनके समर्थक, रेंजर्स और अधिकारी घायल हुए हैं।'

ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया स्टूपिड जोकर

नई दिल्ली। पाकिस्तानी सेना के चीफ आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक तस्वीर भेंट की। इसके बाद पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर का हर तरफ मजाक उड़ रहा है। इस पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इसकी नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है। उसे बिल्कुल भी गंभीरता से ना लें, एक चुटकी नमक के साथ भी नहीं। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'हम बचपन में स्कूल में सुनते थे, अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अकल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो कॉल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।'

असदुद्दीन ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला था। ओवैसी ने कहा था, 'हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।'

'कटनी चाहिए थी जंजीरें, लेकिन 1947 में काट दी गईं भुजाएं' : पीएम मोदी

गांधीनगर (आईएएनएस)। गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने 'गुजरात शहरी विकास योजना' के 20वीं वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया। प्रदेश को करोड़ों की सौगात दी और एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने के लिए सेना के शौर्य की प्रशंसा की। उन्होंने आजादी के समय हुई गल्तियों का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मैं दो दिन से गुजरात में हूं। कल वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और आज गांधीनगर में हूं। मैं जहां-जहां गया, वहां गर्जना करता सिंदूरिया सागर और लहराता तिरंगा जन-जन के हृदय में मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम और देशभक्ति का ज्वार देखने को मिल रहा है। ये दृश्य सिर्फ गुजरात में नहीं हैं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में हैं, हर हिंदुस्तानी के दिल में हैं।"

पीएम मोदी ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा, "जब भी पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ, तीनों बार भारतीय सशस्त्र बलों ने उन्हें निर्णायक रूप से हराया। यह महसूस करते हुए कि वह प्रत्यक्ष युद्ध नहीं जीत सकता, पाकिस्तान ने छद्म युद्ध का सहारा लिया। उसने आतंकवादियों को प्रशिक्षित करना और उन्हें भारत में भेजना शुरू कर दिया। इन प्रशिक्षित आतंकवादियों ने निर्दोष, निहत्थे नागरिकों, यात्रा करने वाले लोगों, होटलों में बैठे लोगों या पर्यटकों के रूप में आने वाले लोगों को निशाना बनाया।" "6 मई की रात जो लोग मारे गए, पाकिस्तान में उन जनाजों को स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए, वहां की सेना ने उनको सैल्यूट किया। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये आपकी (पाकिस्तान) सोची-समझी युद्ध की रणनीति है, आप वॉर ही कर रहे हैं, तो उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।"

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "हम किसी से दुश्मनी नहीं चाहते। हम शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। हम प्रगति भी करना चाहते हैं, ताकि हम विश्व के कल्याण में योगदान दे सकें। इसलिए हम समर्पण के साथ करोड़ों भारतीयों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रहे हैं। हम अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे थे। हम सभी का कल्याण चाहते थे और हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़े रहे। लेकिन बदले में खून की नदियां बहा दी गईं। मैं नई पीढ़ी को बताना चाहता हूं कि इस देश को कैसे बर्बाद कर दिया गया। अगर आप 1960 की सिंधु जल संधि का विस्तार से अध्ययन करेंगे, तो आप चौंक जाएंगे। यह तय किया गया था कि जम्मू-कश्मीर की नदियों पर बने बांधों की सफाई नहीं की जाएगी। गाद निकालने का काम नहीं किया जाएगा। तलछट साफ करने के लिए बने निचले गेट बंद रहेंगे। दशकों तक, उन गेटों को कभी नहीं खोला गया। जिन जलाशयों को 100 प्रतिशत क्षमता तक भरना चाहिए था, वे अब केवल 2 प्रतिशत या 3 प्रतिशत तक ही सीमित रह गए हैं।"

पीएम ने की भारतीय सेना के शौर्य की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सेना के शौर्य की तारीफकी। उन्होंने कहा, "यह वीरों की भूमि है। अब तक जिसे हम छद्म युद्ध कहते थे, 6 मई के बाद जो दृश्य देखने को मिले, उसके बाद हम अब इसे छद्म युद्ध कहने की गलती नहीं कर सकते। कारण स्पष्ट हैः जब मात्र 22 मिनट के भीतर नौ आतंकवादी ठिकानों की पहचान कर उन्हें नष्ट कर दिया गया, तो यह एक निर्णायक कार्रवाई थी। और इस बार सब कुछ कैमरों के सामने किया गया, ताकि घर पर कोई सबूत न मांग सके।"

1947 में मां भारती के टुकड़े हुए

उन्होंने 1947 के दर्द को बयां किया। कहा, "1947 में मां भारती के टुकड़े हुए। कटनी चाहिए थी जंजीरें, लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए और उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर की धरती पर हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार पटेल की बात मान ली गई होती, तो 75 साल से चला आ रहा ये सिलसिला (आतंकी घटनाओं का) देखने को नहीं मिलता।"

यह नया है मनुवाद

दिल्ली विश्वविद्यालय में 60 फीसदी आरक्षित पद खाली : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि इस सरकार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से व्यवस्थागत भेदभाव किया जा रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि योग्य उम्मीदवारों को नॉट फाउंड सुटेबल बताकर खारिज किया जा रहा है और यह एक नए तरीके का मनुवाद है।

राहुल गांधी ने दावा किया कि 'दिल्ली यूनिवर्सिटी में 60 प्रतिशत से ज्यादा प्रोफेसर और 30 प्रतिशत से ज्यादा एसोसिएट प्रोफेसर के आरक्षित पदों को एनएफएस (अयोग्य उम्मीदवार) बताकर खाली रखा गया है। यह कोई अपवाद नहीं है।

आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, सभी जगह ये साजिश चल रही है। एनएफएस संविधान पर हमला है और सामाजिक न्याय से धोखा है। ये सिर्फ शिक्षा और नौकरी की नहीं, हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।'

राहुल गांधी का दावा- आरक्षित पदों को रखा जा रहा खाली

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ''नॉट फाउंड सुटेबल' अब नया मनुवाद है। दलित और पिछड़े वर्ग के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर अयोग्य ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। बाबा साहेब ने कहा था शिक्षा बराबरी के लिए सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मोदी सरकार उस हथियार को कुंद करने में जुटी है।'

मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि है। इस मौके पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए, नेहरू जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।'

हमें एकजुट होने और स्वदेशी ताकत की जरूरत

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी ताकत भी जरूरी है। उन्होंने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफकी। एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदहाल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कह हाल की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने की ओवैसी की तारीफ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रचार को बेनकाब करने पर एआईएमआईएमं सांसद असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, पाकिस्तान की तो पोल ही खोल दी। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ओवैसी की प्रशंसा तब की जब एआईएमआईएम प्रमुख ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख द्वारा जारी की गई तस्वीर को भारत पर 'अपनी जीत का प्रतीक' बताया था। दरअसल, पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस का स्मृति चिन्ह भेंट किया था और भारत पर अपनी जीत का दावा किया था। हालांकि बाद में पता चला कि यह तस्वीर 2019 के चीन सैन्य अभ्यास की थी।इसको लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चीजों को सही तरीके से कॉपी करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है।

'मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की आलोचना में सक्रिय मास्टर डिस्टोरियन'

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'मास्टर डिस्टोरियन' (तथ्यों को तोड़ने मरोड़ने के महारथी) करार दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- आज पंडित नेहरू की पुण्यतिथि है, और आज के दिन भी देश का स्वयंभू सर्वोच्च नेता और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने वाला मास्टर डिस्टोरियन नेहरू-विरोध में सक्रिय है। यह बेहद दुखद और निंदनीय प्रयास है-उन गंभीर सवालों से ध्यान भटकाने का, जिनका जवाब उन्हें देना चाहिए।

इस दौरान जयराम रमेश ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन बयानों पर चुप क्यों हैं, जो उन्होंने पिछले 11 दिनों में 8 बार भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर दिए हैं। उनका कहना है कि इन बयानों की वजह से भारत की सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया, लेकिन पीएम मोदी इस पर कुछ नहीं बोल रहे।

कांग्रेस ने आतंकवाद पर पूछे सवाल

रमेश ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस हमले में शामिल आतंकी पहले भी पूंछ (दिसंबर 2023), गगनगीर (अक्तूबर 2024) और गुलमर्ग (अक्तूबर 2024) में हमले कर चुके हैं। फिर भी वे अब तक खुले घूम रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार पर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते सैन्य संबंधों को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि 2020 में प्रधानमंत्री ने चीन को 'क्लीन चिट' दी थी, और अब उसी चीन से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री उस चीन पर चुप क्यों हैं, जिसके साथ पाकिस्तान की सैन्य साझेदारी अब खुलकर सामने आ चुकी है?'

कोर्ट ने खारिज की सावरकर का नाम 1950 के कानून में जोड़ने की याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार को विनायक दामोदर सावरकर का नाम 'प्रतीक और नाम अधिनियम, 1950' की अनुसूची में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। यह कानून पेशेवर और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कुछ खास प्रतीकों और नामों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी. आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता के किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है। खुद पेश हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से सावरकर पर शोध कर रहे हैं और उनकी ऐतिहासिक भूमिका को कानूनी रूप से स्थापित करने का अवसर चाहते हैं। उन्होंने शीर्ष कोर्ट से आग्रह किया था कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय को निर्देश दिए जाएं कि सावरकर का नाम अधिनियम की अनुसूची में जोड़ा जाए।

मानसिक रोग का उपचार संभव, जागरुकता जरुरी: डॉ. तिवारी

परिजन ही बीमारी को करते हैं छिपाने का प्रयास, मरीज की स्थिति दिनों-दिन हो जाती है गंभीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शरीर में किसी भी तरह की बीमारी होने पर तत्काल संबंधित डॉक्टर से परामर्श लिया जाता है। इसके साथ ही निकटतम संबंधियों से भी उचित इलाज के लिए आवश्यकतानुसार सलाह लिया जाता है। इसके उलटफेर मानसिक बीमारी होने पर मरीज और उसके परिवार द्वारा इस बीमारी को छिपाने का प्रयास कर बीमारी की गंभीरता को बढ़ा दिया जाता है, जिस वजह से मरीज की स्थिति दिनों दिन गंभीर हो जाती है।

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष तिवारी ने बताया कि आज भी मनोरोग चिकित्सक के पास जाना सामाजिक कलंक माना जाता है, जिस वजह से मरीज की समस्या गंभीर हो जाती है और कई बार मरीज को बचा पाना संभव नहीं रहता। बदलते दौर और परिवेश के साथ युवा भी मानसिक दबाव से जूझ रहे हैं। पढ़ाई, कैरियर, रिलेशनशिप के साथ पारिवारिक व सामाजिक दबाव का असर युवाओं में देखा जा रहा है। यही वजह है कि युवाओं में आत्महत्या के मामले भी दिनों-दिन बढ़ रहे हैं। समाज में मनोरोग चिकित्सक के पास जाना सही नहीं माना जाता। मरीज के परिवार वाले भी चोरी छिपे मरीज को डॉक्टर के पास लेकर जाते हैं। इस बात को हम सभी को समझना होगा जैसे अन्य बीमारियों के बारे में हम खुले तौर पर चर्चा करते हैं और अपने निकटतम संबंधियों से सलाह भी लेते हैं। इसी तरह मानसिक बीमारी को लेकर भी चर्चाएं होनी चाहिए। आज अधिकांश लोग मानसिक दबाव में रहते हैं। कई बार यह दबाव घबराहट, बेचैनी, झूंझलाहट में तब्दील हो जाती है, समय रहते इलाज न होने पर यह समस्या गंभीर रुप ले लेती है। उसके बाद भी परिवारजन मरीज को मनोरोग चिकित्सक के पास ले जाने से पहले कई बार सोचते हैं। समय के साथ मानसिक बीमारी को लेकर लोगों में जागरुकता न के बराबर देखी गई है, जबकि मानसिक बीमारी अन्य बीमारियों की तरह एक सामान्य बीमारी है। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि कई बार दूसरे डॉक्टरों द्वारा भी जब मरीज के परिवारजनों को मानसिक रोग चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही जाती है तो परिवारजन ही इस बात को नहीं मानते कि मरीज को मानसिक डाक्टर की आवश्कता है। मानसिक डॉक्टर के पास जाना समाज में सही नहीं माना जाता। लोगों के इस सोच को समय रहते बदलना जरुरी है, जिससे मरीज सामान्य तौर पर निःसंकोच अपना इलाज करवा सकें।

भ्रांतियां दूर करना है जरुरी

मनोचिकित्सक डॉक्टर तिवारी ने बताया कि लोगों में यह भ्रांति है कि मानसिक रोग पूर्व जन्म के पाप या भूत-प्रेत बाधा है, मानसिक रोग विवाह करने से ठीक हो जाते हैं। मानसिक रोग एक बार होने से जिंदगी भर चलता है। इस तरह के भ्रम बिल्कुल गलत है। मानसिक रोग का इलाज संभव है, इसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। आम जनता में मानसिक रोग की जानकारी कम होने के कारण मरीज नीरस, कष्टमयी एवं तिरस्कृत जिंदगी जीते रहते हैं, जिस वजह से दया और हास्य के पात्र बन जाते हैं। मनोरोगी के जीवन को सरल करने के लिए हमें शिक्षित व जागरुक होना है और दूसरे को भी जागरुक करने का प्रयास करना है। लोग समझते हैं कि भूत-प्रेत बाधा अथवा बाहरी हवा लगने से मरीज की स्थिति असामान्य है, जबकि इस समय मरीज को बेहतर मनोरोग चिकित्सक की आवश्यकता होती है।

ये हैं लक्षण

मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर तिवारी ने बताया कि बेचैनी, घबराहट, मृत्यु का भय, एकाग्रता में कमी, हृदय की गति तेज या मंद हो जाना, उदासी, अवसाद, आवश्यकता से अधिक उत्तेजित एवं ऊर्जावान होना, नशे की आदत, बार-बार रोना, अकेले रहना जैसे विभिन्न लक्षणों को देखकर समझा जा सकता है कि मरीज को मनोरोग चिकित्सक की आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

तापमान गिरा, आज भी बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में पिछले पांच दिनों से मौसम बदला हुआ है। आलम यह है कि तापमान 37 डिग्री से कम दर्ज हो रहा है। मंगलवार को दोपहर में बदली छायी रही। हालांकि लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल होते रहे। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। इस बार मई की शुरुआत में अच्छी गर्मी महसूस हुई। दोपहर में लू के थपेड़ों और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। लेकिन, पिछले करीब सप्ताहभर से ही तापमान सामान्य से कम होने के कारण गर्मी कम महसूस हो रही है। हालांकि, बारिश होने के बाद धूप निकलने पर उमस से लोगों को थोड़ी दिक्कत हो रही है। मंगलवार को सुबह आसमान पर हल्के बादल थे, लेकिन फिर धूप निकल आई। दोपहर में 36.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। यह सामान्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज हुआ। यानी 24 घंटे में तापमान में दो डिग्री से भी ज्यादा की वृद्धि रिकॉर्ड हुई। इधर दोपहर बाद तापमान लुढ़कने लगा। शाम को बादल गरजे और शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। वहीं रात में कहीं-कहीं बारिश भी हुई।

नियमों का उल्लंघन करने पर तीन सौ रुपए जुर्माना, लाइसेंस भी होगा रद्द

लिफ्ट से लेफ्ट फ्री के उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई, जुर्माना भी

बिलासपुर/नवप्रदेश। लेफ्ट से लेफ्ट फ्री मोड़ पर वाहन खड़ी करने पर यातायात नियमों के उल्लघन के तहत 300 रु. जुर्माना देना होगा। बार-बार उल्लंघन किए जाने पर बीट प्रभारी के प्रतिवेदन के आधार लाइसेंस लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने सरल, सुगम, सुव्यस्थित, सुरक्षित एवं सुचारू आवागमन के लिए सभी नागरिक यातायात नियमों का संवेदनशीलता एवं गंभीरता से पालन करने की बात कही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में जिले में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु नियमित रूप से सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए जाने सघन प्रयास किया जा रहा है साथ ही जिले के समस्त अलग-अलग इकाइयों के साथ यातायात विचार विमर्श करते हुए आम जन के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने निरंतर सभी स्तर पर कार्य की जा रही है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि शहर में विभिन्न चौक चौराहे एवं तिराहे पर बाएं से बाएं जाने वाले मोड पर लोगों के द्वारा वाहन चलाते समय बाएं से बाएं जाने हेतु निर्धारित की गई जगह पर ही अपने वाहनों को रोककर बाएं से बाएं जाने वाले वाहन चालकों को अवरुद्ध की जाती है जिसके कारण चौक चौराहे पर अनावश्यक रूप से जाम लगने जैसी स्थिति निर्मित होती है। विदित हो कि शहर के प्रत्येक चौक चौराहे एवं तिराहे पर अधिकांश जगहों पर सिग्नल लगाई गई है जहां पर रेड सिग्नल के दौरान लेफ्ट से लेफ्ट फ्री अर्थात बाएं से बाएं जाने हेतु मार्ग स्वतंत्र रखी गई है परंतु रेड सिग्नल के दौरान अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा लेफ्ट से लेफ्ट फ्री जोन में वाहन खड़ी कर दी जा रही है।

फ्री जोन, मोड़ में वाहन खड़ी न करें

आम नागरिकों से यातायात पुलिस ने अपील है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए समस्त लेफ्ट से लेफ्ट फ्री जोन, मोड़ में किसी भी स्थिति में वाहन चालकगण अपनी गाड़ियों को खड़ी न करें अन्यथा यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत आपको न सिर्फ चलानी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है और 300 की जुर्माना राशि आपके ऊपर अधिरोपित की जा सकती है वही बार-बार लेफ्ट से लेफ्ट फ्री जोन,मार्ग, मोड़ में नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी संभावित हो सकती है।

कौशल विकास केन्द्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण बैच का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कौशल विकास केंद्र कोनी में सहायक इलेक्ट्रीशियन, रिटेल सेल एसोसिएट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट बैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल मौजूद थे। कलेक्टर और सीईओ द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर दिया गया। कलेक्टर ने सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड सुदर्शन मोहन्ती की उपस्थिति में सेंटर का अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एचडीएफसी परिवर्तन सेन्टर के माध्यम से कुल 1460 लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें से 974 प्रशिक्षार्थी को रोजगार से जोड़ा गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सरकंडा एचडीएफसी बैंक से सत्यजीत एवं एरिया हेड गवर्नमेंट बिजनेस यशोधरा तिवारी उपस्थित थे।

सीपत प्रेस क्लब के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आज

■ विधायक, कलेक्टर एसपी, एनटीपीसी ईडी होंगे शामिल

सीपत/नवप्रदेश। सीपत प्रेस क्लब के नवनिर्मित भवन का आज लोकार्पण समारोह आज 2- 30 बजे सम्पन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक विजय कृष्ण पांडेय व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर, अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, जनपद पंचायत अध्यक्ष मस्तूरी सरस्वती सोनवानी, जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह जनपद सभापति मनोज खरे एवं सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार शामिल होंगे। इन सभी अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में।आज प्रेस क्लब के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह सम्पन्न होगा।

समारोह के इस अवसर पर छग बोर्ड परीक्षा के सीपत क्षेत्र से दसवीं एवं बारहवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को अतिथियों के हाथों से सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा सीपत के माटी पुत्र शहीद विनोद सिंह कौशिक के माता पिता को अतिथियों के द्वारा साल, श्रीफ़ल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। वही अखबार में जुड़े हॉकरों को साइकिल वितरण भी किया जाएगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने बताया कि आज सीपत प्रेस क्लब के लिए बहुत ही ऐतिहासिक एवं गौरवशाली क्षण है। सीपत क्षेत्र में पत्रकारों के लिए एक सुसज्जित और आधुनिक भवन की लंबे समय से आवश्यकता थी। पत्रकारों की मांग पर तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार ने 20 लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत कराई थी। नए भवन पूर्ण निर्माण होने के बाद आज इसका उद्घाटन समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। लोकार्पण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस सभी वरिष्ठ पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग भी रहेंगे। समारोह की तैयारियों में सीपत प्रेस क्लब के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

कार की टक्कर से बछड़े की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। तिफरा स्थित काली मंदिर के पास कल रात करीब 8 बजे एक कार ने बछड़े को टक्कर मार दी। हादसे में बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार पलट गई और ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही गौ सेवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने बछिया का उपचार करने का प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हादसे के बाद वहां भीड़ जमा हो गई।

शादी समारोह में 40 हजार की चोरी, नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शादी समारोह में मौके का फायदा उठाकर 40 हजार रुपए चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से चोरी गए बैग व नकदी 1900 रूपए व चाबी का गुच्छा जब्त किया गया है। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार 19 मई को प्रार्थी अवधेश तिवारी पिता अश्वनी तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हांफा थाना सकरी जिला बिलासपुर, थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 अप्रैल को उसकी शादी के उपलक्ष्य में वन चेतना केन्द्र सकरी में पार्टी दिया था कार्यक्रम के दिन उसके पापा अश्वनी तिवारी फोटो खिंचवाने के लिए उपर बुलाये तो वह अपने बेग जिसमें नगदी 40000 रूपये, पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम एंव चेक तथा चाबी आदि समान रखा था, रिसेपशन के पास रखे कुर्सी में रख फोटो खिचाने चले गए, थोडी देर के बाद आकर देखे तो उक्त बैग एवं उसमें रखे नगदी रकम एवं सामान नही था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया । पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चोरी पर अंकुश लगाने चोरो को तत्काल गिरफतार करने निर्देशित किया गया, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक प्रदीप आर्य द्वारा चोरी जैसे अपराध पर अंकुल लगाने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश हेतु मुखबीर लगाया गया। मुखबीर सूचना मिली की आवास पारा सकरी निवासी रोहित सूर्यवंशी एवं उनके साथी लोग लगातार वन चेतना केन्द्र के पास संदिग्ध रूप से घुमते फिरते है ।

छात्रों को मिलेगा तकनीकी ज्ञान, नौकरी के मिलेंगे अवसर: सुशांत

विधायक ने नयनतारा शर्मा कॉलेज में किया अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

सीपत/नवप्रदेश।समीप के नयनतारा शर्मा कॉलेज पंधी में सोमवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अत्याधुनिक कम्प्यूटर लेब का उद्धाटन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में फीता काटकर लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि आप सब खुब मन लगाकर पढ़िए , समस्याओं का सामना करते हुए पढ़िए। तकनीकी पढ़ाई को भी पढ़ें, नौकरी के अवसर ज्यादा मिलेंगे, अपने मां पिताजी का नाम रोशन करिए व नयनतारा शर्मा कॉलेज का भी 7राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रेष्ठ काम कर अटल बिहारी वाजपेई युनिवर्सिटी से परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नयनतारा शर्मा कॉलेज के कोफाउंडर अविनाश धर दीवान,ने कहा कि आप सब युवा हैं, युवाओं में खुब उर्जा होती है उसका सकारात्मक प्रयोग करें सफलता जरूर मिलेगी, जैसे हमारे क्षेत्र के युवा विधायक सुशांत शुक्ला में गज़ब की शक्ति है, जिससे वे कम समय पर ही पुरे छत्तीसगढ़ में श्रेष्ठ विधायक के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए हैं। इस अवसर पर उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि, प्रणव समदरिया प्रवक्ता भाजपा, भाजपा सीपत मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, जय वाधवानी पार्षद, राधेश्याम मिश्रा, चेतन धर दीवान, हनुमान थवैत, श्री धर दीवान कॉलेज के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ नमिता द्विवेदी व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं छात्र छात्राओं की गरिमा मय उपस्थिति रही। कॉलेज के डायरेक्टर इंजिनियर प्रांजल धर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नयनतारा शर्मा कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी बलराम जोशी द्वारा ने किया।

मिशन वात्सल्य योजना: विभिन्न पदों पर नियुक्ति पर दावा आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, लेखापाल, डेटा एनालिस्ट, आउटरीच वर्कर, बाल कल्याण समिति अंतर्गत सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं अंतर्गत परामर्शदाता, स्टोर कीपर सही लेखापाल, हाउसफादर, पैरा मेडिकल स्टॉफ, पी.टी इन्स्ट्रक्चर सह योग प्रशिक्षक, एजुकेटर, कला एवं क्राफ्ट सह संगीत शिक्षक, ससोईया, रात्रि चौकीदार, चाइल्ड हेल्प लाईन अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन डेस्क में संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच उपरांत सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला प्रशासन की सरकारी वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बिलासपुर डॉट जीओव्ही डॉट इन में अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में आवेदनकर्ता दावा-आपत्ति 29 मई 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्देश

कलेक्टर ने जारी किया आदेश, शहर के भीतर वाहनों का दबाव देखकर लिया निर्णय

यात्री बसों का रुट बदला, एक जून से नए रुटों पर चलेंगी बसें

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की अनुशंसा और प्रतिवेदन के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बसों के रूट तय कर दिया है। कलेक्टर का यह आदेश एक जून से प्रभावी होगा। बिलासपुर शहर के लगातार विस्तार के फलस्वरूप शहर के भीतर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

छग उच्च न्यायालय के जस्टिसगण शहर के व्यस्ततम क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। जस्टिस मार्ग को सुगम बनाये रखने तथा नगर के महत्वपूर्ण स्थान नेहरू चौक जहां तहसील कार्यालय, छग भवन, जिलाधीश कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय सहित कई अन्य विभागीय भवन स्थित हैं एवं यहां से जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों का आना-जाना लगा रहता है। निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग / रूट निर्धारित किया गया है- बसों के लिए निर्धारित रूट- हाई टेक बस स्टेण्ड से सभी दिशाओं की ओर आने-जाने वाली बसों से शहर में यातायात के दबाव को कम करने हेतु प्रातः 06 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक के लिए निम्नानुसार प्रस्तावित मार्ग निर्धारित किया जाता है रतनपुर होकर कटघोरा-अम्बिकापुर एवं पेण्ड्रा गौरेला की ओर आने-जाने वाली बस हाईटेक बस स्टेण्ड से गुम्बर पेट्रोल पम्प, छतौना मोड़, पेण्ड्रीडीह से नेशनल हाईवे, सकरी, सेंदरी बाईपास होते हुए रतनपुर रोड होते हुए परिचालन कर सकेंगे। मस्तुरी होकर पचपेड़ी-जांजगीर-शिवरीनारायण की ओर आने-जाने वाली बसें-हाईटेक बस स्टैण्ड से गुम्बर पेट्रोल पम्प, सिरगिट्टी, महमंद, मस्तुरी होते हुए परिचालन कर सकेंगे। सीपत एवं सीपत होकर आगे जाने वाली बसें हाईटेक बस स्टेण्ड से गुम्बर पेट्रोल पम्प, सिरगिट्टी, महमंद, गुरूनानक चौक, मोपका होते हुए परिचालन कर सकेंगे। सकरी-तखतपुर होकर कोटा-मुंगेली की ओर जाने वाली बसें हाईटेक बस स्टेण्ड से गुम्बर पेट्रोल पम्प, छतौना मोड, पेण्ड्रीडीह नेशनल हाईवे, सकरी बाईपास होते हुए परिचालन कर सकेंगे। 1 जून से प्रभावशील होगा।

बस संचालकों से बनी सहमति

अधिकांश बसें शहर के अत्यंत व्यस्ततम यातायात दबाव वाले स्थानों से होकर गुजरने के कारण यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुचारू बनाए रखने के लिए सवारी बसों के संचालन हेतु परिवर्तित मार्ग से परिचालन हेतु प्रस्तावित किया गया है। बस संचालकों के साथ हुई बैठक 21 मई में भी उक्त संबंध में सहमति होना बैठक की कार्यवाही विवरण में दर्शित है। अतः मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-115 एवं छ.ग. मोटरयान नियम, 1994 के नियम 215 के अन्तर्गत जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से उपरोक्तानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर के प्रस्ताव से सहमत हुए।

सुविचार

अपने रुप और रुपये का घमंड नहीं करना चाहिए, मोर को उसके पंखों का बोझ ही ऊँचा उड़ने नहीं देता। - अज्ञात

पाकिस्तान नहीं चीन है असली दुश्मन

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद अब पाकिस्तान को यह समझ में आ गया है कि वह उधार के हथियारों के दम पर ही भारत से जंग नहीं जीत सकता। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो तबाही मचाई है उससे उबरने में पाकिस्तान को लंबा वक्त लगेगा और उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह निकट भविष्य में फिर से भारत के साथ पंगा मोल लेने की हिमाकत कर सके। यह बात अलग है कि चीन अभी भी पाकिस्तान को उकसा रहा है कि वह भारत के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखे। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद की आग को हवा देने से अपने काम को जारी रख सकता है। ऐसे में भारत फिर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 शुरू कर सकता है। इसी आशंका से ग्रसित होकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ तुर्की और ईरान सहित चार मुस्लिम देशों की यात्रा पर निकले हैं जहां से वे आर्थिक मदद मांग रहे हैं और यह भी गुहार लगा रहे हैं कि कोई तो उनकी भारत के साथ शांति वार्ता करा दे। जाहिर है अमेरिका के दबाव में ही पाकिस्तान भारत के साथ सुलह की कवायद कर रहा है। पाकिस्तान को यह बात अच्छी तरह मालूम है कि भारत किसी भी देश के दबाव में आकर पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करेगा। भारत ने तो पहले ही कई बार पाकिस्तान द्वारा की गई बातचीत की पेशकश को ठुकरा दिया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान से सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी और पाकिस्तान को अब पीओके खाली करना पड़ेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधू जल संधि स्थगित होने के कारण ही तनाव बना हुआ है और इसका फायदा उठाते हुए चीन पाकिस्तान को भड़का रहा है। भारत भी अब इस बात को भलिभांति समझ चुका है कि भारत का असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं बल्कि चीन है जो पाकिस्तान कंधे पर बंदूक रखकर भारत पर निशाना साधता है। यही वजह है कि पाकिस्तान को चीन न सिर्फ आर्थिक मदद मुहैया करा रहा है बल्कि उसे हथियारों की सप्लाई भी कर रहा है। पाकिस्तान के पास जितने भी हथियार हैं उनमें से 80 प्रतिशत हथियार मेड इन चाइना है। यह बात अलग है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने इन्हीं हथियारों के परखच्चे उड़ाकर रख दिये थे। गौरतलब है कि अमेरिकी खुफिया एजेन्सी की एक रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा किया गया है कि चीन पाकिस्तान को आगे करके भारत से जंग लड़ रहा है। यह बात सही भी है। पाकिस्तान बेशक सुरक्षा की दृष्टि से भारत के लिए एक बड़ा खतरा जरूर है लेकिन उसका असली दुश्मन तो चीन ही है जो भारत की तरक्की से जल भून कर खाक हो रहा है। भारत की लगातार बढ़ती ताकत चीन के लिए चिंता का विषय बन गई है। चीन में इतना साहस भी नहीं है कि वह सीधे भारत से जंग कर सके। इसलिए वह पाकिस्तान को एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है किन्तु पाकिस्तान के हुक्मरान और पाकिस्तान की आर्मी के चीफ इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं और चीन की चाल में फंसकर भारत के साथ जंग करने पर उतारू हो रहे हैं। जाहिर है चीन के चक्रव्यू फंसकर पाकिस्तान खुद अपने हाथों अपनी कब्र खोदने की मुर्खता कर रहा है।

आपरेशन सिंदूर में अग्निवीरों की महत्वपूर्ण भूमिका

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना ने जो आपरेशन सिंदूर चलाया था उसमें अग्निवीरों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना के साथ लगभग तीन हजार अग्निवीरों ने भी मोर्चा संभाला था और पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्यवाही में अग्रणी भूमिका निभाई थी। इनमें ऐसे अग्निवीर भी शामिल थे जो अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सीधे मोर्चे पर पहुंचे थे और फायर जोन में तैनात होकर अदम्य साहस का परिचय दिया था। ये वही अग्निवीर है जिनकी नियुक्ति को लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने सरकार की कड़ी आलोचना की थी और इन अग्निवीरों की तुलना दिहाड़ी मजदूर से की थी। ऐसे बड़बोले नेताओं के मुंह पर अग्निवीरों ने करारा तमाचा लगाया है और आपरेशन सिंदूर से अग्रणी भूमिका निभाकर अपने चयन की सार्थकता सिद्ध कर दी है। मात्र 20 से 22 साल उम्र के इन अग्निवीरों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान मोर्चे पर जो जाबाजी दिखाई है उसका दुश्मन देश भी लोहा मान गया है। वैसे भी सेना को हमेशा जवान रखा जाता है और इस लिहाज से अग्निवीरों की नियुक्ति निश्चित रूप से भारतीय सेना को मजबूती देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। आपरेशन सिंदूर के दौरान अग्निवीरों ने अपनी उपयोगिता साबित कर दिखाई है अब विपक्षी नेताओं की बोलती बंद हो जाएगी। जिन 3 हजार से ज्यादा अग्निवीरों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान अपने शौर्य का प्रर्दशन किया है। उनकी हौसला अफजाई की जानी चाहिए। और इन 3 अग्निवीरों को भारतीय सेना में शामिल कर लिया जाना चाहिए ताकि अन्य अग्निवीरों का हौसला भी बढ़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन साहसी अग्निवीरों को भारतीय सेना का हिस्सा बनाकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

झूठ और अफवाहों की फैक्ट्री चलाने वाली जमात

नीरज मनजीत

इसलिए कि इनकी सारी प्रतिक्रियाएं घोर सिलेक्टिव होती हैं। यह तो नहीं माना जा सकता कि ये सारे महानुभाव पाकिस्तान के हिमायती हैं, मगर मोदी और भाजपा का इनका अंध-विरोध जाने-अनजाने इन्हें पाक परस्ती के वृत्त में ले जाता है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल, एक बार फिर, तब दिखाई पड़ी, जब जंग रोकने का ऐलान हुआ। तब इनका रंग पूरी तरह से बदल गया। पुनः ये 'तथाकथित उदारवादी' युद्ध पिपासु की मुद्रा में आ गए और मोदी को कोसने लगे कि पाकिस्तान को और ठोंका क्यों नहीं, पीओके क्यों नहीं लिया ? स्पष्ट है कि मोदी के क़दमों से ही इनका रंग तय होता है। न तो इस जमात के युद्ध विरोध में कोई सच्चाई है और न ही इनका सीज़फायर के फ़ैसले का विरोध सच्चा है। इस इकोसिस्टम, इस जमात के बारे में ज़्यादा कुछ लिखने की जरूरत नहीं है। पूरी दुनिया इन्हें अच्छी तरह जान चुकी है, पहचान चुकी है। इन महानुभावों को अगर इसमें खुशी मिलती है, तो इन्हें खुशी मुबारक।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया पर "झूठ और अफ़वाहों की फैक्ट्री चलाने वाले, प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और आरएसएस से घृणा करने वाले अंध-विरोधी-इकोसिस्टम" ने जैसे पोस्ट-प्रोडक्ट सोशल मीडिया पर परोसे, उसे देखकर कोई हैरानी अथवा अचरज नहीं हुआ। सिर्फ़ अफ़सोस हुआ कि इस इकोसिस्टम के महानुभाव अपनी ऊर्जा का अपव्यय करते हुए नकारात्मकता की ओर जा रहे हैं और गिरावट के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। अफ़सोस इस बात का भी है कि इस जमात के लोग हमारे समाज के प्रबुद्धजन हैं और खुद को "उदारवादी व सेक्युलर" मानते हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से यह "छद्म उदारवादी-स्यूडो सेक्युलर" जमात असत्य और अफ़वाहों की फैक्ट्री चला रही है। अतः इनका असत्य भाष्य कोई नई बात नहीं है और न ही आख़िरी बात। वैसे इनके असत्य भाष्य का फ़ायदा अंततः भाजपा के खाते में ही जाता है।

हमारे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मेनस्ट्रीम चैनल भारत पाकिस्तान के बीच की तनातनी को जिस हल्ले-गुल्ले और अत्यधिक आक्रामक अंदाज़ से दर्शकों को परोस रहे हैं, उससे भी कोई अच्छा दृश्य उत्पन्न नहीं हो रहा है। 7 से 10 मई के बीच युद्ध के चार दिनों में इन चैनलों के एंकरों ने टीआरपी हासिल करने के चक्कर में हल्ला मचाने की सारी हदें लाँघ दी थी। कोई कह रहा था कि भारतीय सेनाएँ पीओके में घुस चुकी हैं। कोई कह रहा था कि भारतीय नौसेना का युद्धक पोत कराची के पास पहुँच गया है। कोई कह रहा था कि लाहौर पर हमारा कब्ज़ा बिल्कुल नज़दीक है।

कोई कह रहा था कि पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में हमला करने के लिए हमारे फाइटर जेट उड़ान भर चुके हैं। सही ख़बर किसी चैनल के पास नहीं थी।

आख़िर दूसरे दिन रक्षा मंत्रालय को सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्तियों को सख्त एडवाइज़री करना पड़ी। इस एडवाइजरी में कहा गया कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या रियल टाइम रिपोर्टिंग से परहेज करें। इसके बाद ही टीवी चैनलों के एंकरों पर थोड़ी-सी लगाम लगी। हमारा अनुभव तो यही है कि इस हल्ले गुल्ले का दर्शकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, उल्टेउन्हें कोफ्त ही होती है।

पहलगाम के हमले के बाद हमारे विपक्ष ने बहुत ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दिया था और परंपरागत नेगेटिव बयानों से परहेज करते हुए हर क़दम पर सधे हुए बयान दिए थे। सारे विपक्षी नेताओं ने वक़्त की नज़ाकत को समझते हुए केन्द्र सरकार और सेना के हर कदम का समर्थन किया था।

शशि थरूर ने तो दिल जीतने वाले बयान दिए हैं। वैसे भी शशि थरूर बहुत ही सुलझे हुए, सलीकेदार, शालीन, प्रबुद्ध राजनेता हैं। उनके बेहतरीन लेख और बयान शालीनता, बुद्धिमत्ता और ज्ञान से भरे होते हैं। उनकी पहली और संभवतः सबसे बड़ी ग़लती यही थी कि वे कांग्रेस के सबसे ताक़तवर परिवार की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में खड़े हो गए थे।

उसके बाद से बड़ी ही ख़ामोशी से पार्टी में उनका क़द कम किया जाने लगा और आज वे कांग्रेस को अलविदा कहने की कगार पर खड़े हैं। पिछले 20 वर्षों से हम देख रहे हैं कि कांग्रेस ने बड़ी तादाद में अच्छे लोगों को खोया है। निःसंदेह पार्टी किसी भी बड़े-से-बड़े व्यक्ति से बड़ी होती है, मगर साल-दर-साल प्रतिभाशाली बुद्धिमान लोगों को खोते चले जाना क्या अच्छी बात है ?

ख़ैर, विपक्ष के जिम्मेदाराना रवैये के ठीक विपरीत सोशल मीडिया के वीर-बहादुरों ने इन माध्यमों पर बेहद संवेदनहीन असत्य पोस्ट्स की झड़ी लगा दी है। दुनिया का कोई भी मसला हो, कोई भी विषय हो ये महानुभाव हर मामले के "विशेषज्ञ" हैं।

22 अप्रैल के बाद इन्हें हर दिन रंग बदलते देखकर रंग बदलने वाले प्राणी भी शर्मिंदा हो रहे हैं। इस दिन के बाद 7 मई तक कोई दिन ऐसा नहीं था, जब इन्होंने मोदी को न कोसा हो, कि वे जवाबी हमला क्यों नहीं कर रहे हैं। जब भारतीय सेनाओं ने प्रचंड हमला किया और पाकिस्तान मार खाने लगा, तो इन महानुभावों को युद्धविरोधी कविताएं, गीत, तराने याद आने लगे और इन 'तथाकथित-उदारवादियों' ने जंग के ख़िलाफ़ पोस्ट्स से सोशल मीडिया को भर दिया।

Say no to war के स्लोगन हवा में लहराने लगे। इस मक़ाम पर एक सवाल जरूर पैदा होता है कि--ख़ुदा न ख़ूवास्ता अगर हालात इसके उलट होते और भारत को नुक़सान उठाना पड़ रहा होता, तो इन महानुभावों की प्रतिक्रिया क्या होती? आसानी से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि तब ये तराने और गीत सुनाई न पड़ते और न ही Say no to war का कोई स्लोगन दिखाई पड़ता।

इसलिए कि इनकी सारी प्रतिक्रियाएं घोर सिलेक्टिव होती हैं। यह तो नहीं माना जा सकता कि ये सारे महानुभाव पाकिस्तान के हिमायती हैं, मगर मोदी और भाजपा का इनका अंध-विरोध जाने-अनजाने इन्हें पाक परस्ती के वृत्त में ले जाता है।

इसकी सबसे बड़ी मिसाल, एक बार फिर, तब दिखाई पड़ी, जब जंग रोकने का ऐलान हुआ। तब इनका रंग पूरी तरह से बदल गया। पुनः ये 'तथाकथित उदारवादी' युद्ध पिपासु की मुद्रा में आ गए और मोदी को कोसने लगे कि पाकिस्तान को और ठोंका क्यों नहीं, पीओके क्यों नहीं लिया ?

स्पष्ट है कि मोदी के क़दमों से ही इनका रंग तय होता है। न तो इस जमात के युद्ध विरोध में कोई सच्चाई है और न ही इनका सीज़फायर के फ़ैसले का विरोध सच्चा है। इस इकोसिस्टम, इस जमात के बारे में ज़्यादा कुछ लिखने की जरूरत नहीं है। पूरी दुनिया इन्हें अच्छी तरह जान चुकी है, पहचान चुकी है। इन महानुभावों को अगर इसमें खुशी मिलती है, तो इन्हें ख़ुशी मुबारक।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1974 में 28 मई के दिन ही पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मिस्बाह-उल-हक का जन्म हुआ था। 1967 में आज ही के दिन ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगाकर घर पहुंचे थे। 1883 हिंदुत्ववादी नेता और कवि विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 1883 में आज ही के दिन हुआ था। 1908 जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म आज ही के दिन हुआ था। 1959 आज ही के दिन दो अमरीकी बंदरों ने अंतरिक्ष की सफल यात्रा की। 1967 65 साल के ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर आज ही के दिन अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगा कर घर पहुंचे। 1996 - रूस चेचेन्या को अधिकतम स्वायत्तता देने पर सहमत। 1998 बलूचिस्तान की चगाई पहाड़ियों पर पाकिस्तान ने पाँच परमाणु परीक्षण किये, परमाणु परीक्षण के विरोध में सं.रा. अमेरिका ने पाकिस्तान के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध लगाया। 1999 बेंजामिन नेतान्याहू का संसद से इस्तीफ़ा, तुर्की में नयी गठबंधन सरकार का गठन।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तेजप्रताप भाई

तेजप्रताप भाई यहां लोगो को सबूत मांगने और देखने की आदत है आपके प्यार की निशानी तेजस या तेजस्विनि के रूप मे हो तो उसे भी सबके सामने ला दीजिये। या फिर किसी अस्पताल आदि मे डिलवरी/अबार्सन आदि का पेपर हो तो उसे डाक्यूमेंट्री एविडेंस के रूप मे सामने रख दीजिए बाकि जनता आपके साथ है।

- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

तेजप्रताप भाई मुख

तेजप्रताप भाई मुख छिपाकर जीने से अखलाख बदलते नहीं, हर रास्ते के साथ साथ हयात बदलते नहीं, सर लेके हथेली पर सड़कों पे निकल आओ, घर बैठे जग में यारों यूं हालात बदलते नहीं।

- ललित उपाध्याय

ख़ास पाती। चाय से रोजगार मिले है चाय

चाय से रोजगार मिले है चाय दे देती मुस्कान जब जब होती आमदनी तो शिक्षा का मिले अनुदान न कोई प्रमाण पत्र चाहिए न हो किसी से कभी होड़ न किसी की मिलती धमकी न पड़ना पड़ता किसी के गोड़ हो अमीर या हो गरीब सब पीते बैठ बड़ी ही शान पानी चीनी दूध बिचारे बस एक किनारे बैठे हैं नाम कमाया सिर्फ चाय ने इन सब पर भी ऐंठे है आदर भाव से देखी जाती जब आते मेहमान बड़ी बड़ी जब मीटिंग होती गोल मेज पर जा विराजे और राजनीति के गलियारे मुद्दों के बाजार सजा दे अपनी महिमा खुद है गाती मुझ सा कोई नहीं महान।।

- रजनी रामदेव

ज़रूरत से ज़्यादा कभी कुछ नही

ज़रूरत से ज़्यादा कभी कुछ नही होना चाहिये... ना तो ज़रूरत से ज़्यादा बातचीत.. ना तो ज़रूरत से ज़्यादा लगाव... ना तो ज़रूरत से ज़्यादा भरोसा.. ओर ना तो ज़रूरत से ज़्यादा उम्मीद... क्यूँकि अंत मे ज़रूरत से ज़्यादा कष्ट ही मिलता है.. - **सुश्री भागीरथी सिंह**

कैसे हक़ से बात करोगे कैसे उसे बुलाओगे

कैसे हक़ से बात करोगे कैसे उसे बुलाओगे पल पल छोड़े जिस पर नश्तर, कैसे प्यार जताओगे जिसने अपनी सारी दुनिया, तुम तक सीमित कर डाली उस दिल को बेघर कर के तुम, किस दिल में रह पाओगे दुआ तुम्हें वो दे भी दे अब, खुशियों का संसार मिले उसकी सूनी आँखों से पर, कैसे नज़र मिलाओगे

- ममता लड़ीवाल

कितनी माँगें सूनी कर दीं तेरे कृत्यों

कितनी माँगें सूनी कर दीं तेरे कृत्यों ने ऐ बुझदिल, इस लाल लहू की होली से तू करना चाहे क्या हासिल, तुम जैसे ही तो इन्सां थे वो आम घरों के कर्णधार, बूढ़ी आँखों की आशा थे वो नौनिहाल के खेवनहार,वो किसी योगिनी की आंखों के भी थे सिंदूरी सपने,वो दारुण दुख में डूबे हैं जिन लोगों ने खोए अपने I सत्ता जब निज जिम्मेदारी न अपना धर्म निभाती है, तरुनाई आगे बढ़कर फिर दुश्मन को सबक सिखाती है, उठो भरो हुंकार बढ़ो आगे अब चिंतन बहुत हुआ, माताओं, बहनों, बच्चों का अब दारुण क्रंदन बहुत हुआ, इन आततायों के कृत्यों का बदला अब लेना होगा, निंदा प्रस्ताव हो गए बहुत परिणाम जल्द देना होगा !

- कुलदीप दीप

बीन लाई मैं टुकड़े सारे, बस, जोड़ना बाक़ी

बीन लाई मैं टुकड़े सारे, बस, जोड़ना बाक़ी है, शुक्र है मुकम्मल है दिल, बस,धड़कन दौड़ना बाक़ी है, मुतमईन हूँ,कामयाब कोशिशें होंगी, रिश्ता माज़ी से , बस, तोड़ना बाक़ी है, तो क्या हुआरेज़ा रेज़ा बिखरी थी कभी, मुस्तकबिल मे एक खूबसूरत हासिल, बस, जोड़ना बाक़ी है, वक़्त इम्तिहान का गुज़र ही जाएगा, फैसला खुद के हक़ मे, बस , मोड़ना बाक़ी है,- **नम्रता सरन सोना**

मन भर जाप हेतु, राम काज सोच कर

मन भर जाप हेतु, राम काज सोच कर, मौन धार बैठ गये ,त्रिपुरारी ध्यान धर। धर ध्यान सावधान, राम को रिझाय तब। बड़ा ही कठोर प्रण, शिव आज ठानि उर। उर ठान अब नहीं, यहि तन सती भेंट, करु नहीं भूल बस, सोच लिए आज हर। हर प्रिया रुप धारि, परिणीता राम जी की । क्षमा दान बार बार, पश्चाताप मन भर। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

विजय कुमार गुप्ता

विश्व परिवार दिवस

नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
खूब पढ़ाया संतानों को, बढ़ता क्रम भी जारी है
दादा दादी नाना नानी की बढ़ती अब लाचारी है
घर परिवार दायरे में रहना सबकी जिम्मेदारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है
रुचि लगाव रखने में परिवारों की पूरी हिस्सेदारी है
नारी सशक्तिकरण के युग में अहम भूमिका नारी है
संस्कार समन्वय और मातृत्व गुण सभी पर भारी है
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
सतर्क और संस्कार नियम से यदि बढाई यारी है
गुमराह वजह कुछ लोगों की बनी चिंता हमारी है
कुतर्क चलन अहम तुष्टि ने कुछ की मति मारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।

QUIZ TIME

1) कर्कश का विलोम होगा?

2) शिवाजी के अष्टप्रधान का कौन सदस्य विदेशी मामलों की देख-रेख करता था?

3) सप्त ऋषि समिति किससे संबंधित है?

4) हर वर्ष हाइफ़ दिवस कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में किस मेगास्टार का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विनम्र (2) सुमंत (3) [illegible] (4) 23 सितंबर (5) चिरंजीवी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:38, सूर्यास्त : 07:09, चन्द्रास्त : 19:49,अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष :शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : धृति, प्रथम करण : नाग (08:31 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (18:45 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : वृष, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:42, अमृत काल : 24:00 से 25:25, द्विपुष्कर योग : 29:02 से 29:17, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:17 से 05:32, विजय मुहूर्त : 14:33 से 15:29, गोधूलि मुहूर्त : 19:09 से 19:30, सायाह्न सन्ध्या : 19:11 से 20:11, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:34, राहुकाल :12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 08:46 से 10:30, दुर्मुहूर्त : 08:04 से 09:00, होमाहुति : केतु (05:32 से सूर्य), दिशा शूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (05:32 से 26:50), अग्निवास : पाताल, चन्द्र वास : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपकी समस्त दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे असफलता मिलेगी अथवा विलंब होगा।

वृषः आज का दिन भी आपकी कीर्ति में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन के आरंभ में पुराने कार्य निपटाने में व्यस्त रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन भी सावधानी से व्यतीत करें। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धी आपको क्षति पहुचाने के लिए कुछ भी कर सकते है।

कर्कः आज का दिन आपको यश दिलाएगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त रहेंगे। कार्य व्यवसाय में कई महत्त्वपूर्ण फैसले निकट भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे।

सिंहः आज का दिन भी कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा।

कन्याः आज आप प्रातः काल से ही अधूरे कामो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे लेकिन फिर भी अपने किये कार्यो से पूरी तरह आश्वस्त नही होंगे।

तुलाः आज का दिन अधिक थकान वाला रहेगा आप आज आवश्यक कार्यो को प्रातः काल मे ही पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आशा से कुछ कम लाभ देगा फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से कर लेंगे।

धनुः आज के दिन कार्य क्षेत्र एवं गृहस्थ में उठापटक वाली स्थिति रहेगी। व्यवसायी वर्ग भी एक साथ कई काम हाथ मे लेने पर उलझन की स्थिति से गुजरेंगे।

मकरः आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज आपके लगभग सभी कार्य अंत में जाकर आर्थिक अथवा किसी अन्य कारण से अटक सकते है।

कुंभः आज के दिन आप अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रसित रहेंगे यह घरेलू कलह एवं व्यवसाय में हानि का कारण बन सकती है।

मीनः आज के दिन धन लाभ आपके व्यवहार के ऊपर काफी हद तक निर्भर रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, ख्याला 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

1		■	2	■	3		4	■
	■	5				■	6	
7	8		■	■	9		■	■
■	10		■	■	■	■	11	■
12		■	13	■	14			■
	■	15		16		■	17	18
	■		■	19		20	■	
21	22		23		■		■	
■	24			■	25			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

देश को विकसित राष्ट्र बनाने राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए : रामविचार नेताम

- **कैट का एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा**
- **राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा : शिवरतन शर्मा**

रायपुर /नवप्रदेश । देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज एक राष्ट्र- एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा सम्पन्न हुई। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।

कैट का आज एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा वृन्दावन हाल में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम केबिनेट मंत्री, शिवरतन शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा), विशिष्ट अतिथि अमर पारवानी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं रमेश सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक दृष्टि से भारत को चौथे स्थान से और उपर तक पहुंचाने में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। देश में विभिन्न राज्यों अलग-अलग चुनाव होना न केवल विकास में बाधा पहुँचाते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए। यही समय की माँग है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने बताया कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने से लगभग 5 लाख करोड़ का खर्च बचाया जा सकता है जो जीडीपी की बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में विशेष रूप से शामिल भाजपा जिला रायपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की संस्था के बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियो से इस विषय पर समर्थन मांग कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करने की बात कही।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि आज एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा सम्पन्न हुई। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। देष में किसी राज्य में चुनाव होता है तो पूरे देष की ताकत उसमें झोक दी जाती है। आज किसी भी राज्य में चुनाव होता हैं। देष की राजनीतिक पार्टियों में प्रतियोगिता होनें लगती है। वर्तमान में हर वर्ष किसी न राज्य में चुनाव होता है। हर वर्ष चुनाव होनें का असर देष के व्यापार एवं उद्योग की गति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

कार्यक्रम में कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने सभी स्वागत करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम का समर्थन पत्र सौंपा, तथा कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेष महामंत्री सुरेन्द्र सिंह ने किया एवं प्रदेष कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने अभार प्रगट किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में कैट के प्रदेष एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोषी , कैट के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंहदेव एवं युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष अवनीत सिंह का विषेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सतीष छुगानी, जिला संयोजक एक राष्ट्र- एक चुनाव अभियान अकबर अली एवं पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर सुभाष तिवारी ने सभा मे उपस्थित सभी व्यापारीगण का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप सें उपस्थित रहे - कैट , युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट, कैट के इकाई अध्यक्ष एवं विभिन्न व्यापारिंक संगठनो के पदाधिकारी तथा व्यापारीगण ।

संक्षिप्त खबरें

वक्ता मंच की काव्य गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 24 मई की शाम राजधानी के वृन्दावन सभागृह में प्रदेश स्तरीय मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न हुई द्य इसमें प्रदेश भर से आए 83 कवियों ने छत्तीसगढ़ी,हिंदी , अंग्रेजी एवं उर्दू भाषाओं में 5 घंटे तक धुंआधार प्रस्तुतियां दी । भारतीय सेना । गोष्ठी के अंत में छत्तीसगढ़ी साहित्य व संस्कृति में अश्लीलता फैलाने का प्रयास करनेवाले तत्वों की निंदा की गई तथा इसके खिलाफजारी आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया द्य आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ पी के तिवारी थे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शोभा देवी शर्मा ने की। विशेष अतिथि की आसंदी पर वरिष्ठ कवयित्री शुभा शुक्ला 'निशा ', मशहूर छत्तीसगढ़ी गीतकार मिनेश साहू, वक्ता मंच की संरक्षिका ज्योति शुक्ला, यातायात प्रशिक्षक टी के भोई एवं युवा संस्था के प्रमुख एम राजीव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दो बाल कवियों काव्या राजीव एवं अनंत बाजपेयी को शब्द सम्मान प्रदान किया गया द्य इस दौरान तीन कवियों राहुल सोनकलिहारी, ओमवीर करण एवं भूपेंद्र कुमार के जन्मदिन को उत्सवित भी किया गया द्य आज की काव्य गोष्ठी का कुशल संयोजन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, सहसचिव हेमलाल पटेल, महिला इकाई प्रभारी धनेश्वरी नारंग के नेतृत्व में टीम वक्ता मंच द्वारा किया गया।

निर्माणाधीन मकान से लाखों के सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रील मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीश कुमार तरवानी 56 वर्ष लाखेनगर टिल्लू चौक का रहने वाला है। प्रार्थी का निर्माणाधीन मकान देवपुरी में है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रील मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख रुपए के आसपपपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से लेपटाप व मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। सत्यम विहार कालोनी स्थित मकान से अज्ञात चोर ने लेपटाप व मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मानिका साहू 24 वर्ष सत्यम विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजा से घर में प्रवेश कर लेपटाप व मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चोरों ने जेवर पर किया हाथ साफ

रायपुर/नवप्रदेश। नवागांव तर्रा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नगदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता नेताम 39 वर्ष ग्राम नवागांव तर्रा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके मकान में घुसकर नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 22 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी स्कूटी पार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन के मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी समीर नवरतन 22 वर्ष पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एस 6440 को सिविल लाइन के मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए स्कूटी की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा और अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 74 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1050 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम कोसरंगी में अवैध शराब के साथ आरोपी भूपेन्द्र कुमार साहू 27 वर्ष और सुखराम विश्वकर्मा 59 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 33 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी कमलेश कुर्रे 25 वर्ष और भोलू कुर्रे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 41 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

भाजपा मंडल स्तरीय संगोष्ठी, ऑपरेशन सिंदूर और 'एक देश एक चुनाव' पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा मंडल भोथली द्वारा ग्राम छाती में मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रानी अहिल्या बाई होल्कर के बहुआयामी व्यक्तित्व, ऑपरेशन सिंदूर तथा 'एक देश एक चुनाव' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि पवार ने रानी अहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने शासनकाल में नारी सशक्तिकरण, धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और समान न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। कविंद्र जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की तुलना रानी अहिल्या बाई से करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी दी, जिसमें भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाते हुए पाकिस्तान के ठिकानों पर प्रभावी कार्रवाई की। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने 'एक देश एक चुनाव' की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्च घटेगा और विकास की गति को नया आयाम मिलेगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता मिश्री पटेल ने की तथा संचालन आनंद मेश्राम ने किया।

देशभर में रिलीज होगी छत्तीसगढ़ में बनी पहली हिन्दी फिल्म

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी सिनेमा इंडस्ट्री जिसे छॉलीवुड के नाम से भी जाना जाता है. छत्तीसगढ़ी सिनेमा का इतिहास दशकों पुराना है. साल 1965 में पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'कहि देबे सन्देस' का निर्माण हुआ था. दूसरी फिल्म घर-द्वार साल 1972 में आई थी. इसके बाद साल 2000 में छत्तीसगढ़ की पहली रंगीन छत्तीसगढ़ी फिल्म आई थी मोर छइयां भुइयां. 25 सालों से छत्तीसगढ़ी सिनेमा का सिलसिला अनवरत जारी है। वहीं अब छत्तीसगढ़ की धरा से एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पहली बार छत्तीसगढ़ की धरा से छत्तीसगढ़ी सिनेमा निर्माता-निर्देशकों ने एक हिन्दी फिल्म का निर्माण किया है। ये हिन्दी फिल्म देशभर में 13 जून को रिलीज होने वाली है।

छत्तीसगढ़ से बनी पहली हिन्दी फिल्म जानकी-भाग 1 : बता दें कि कौशल उपाध्याय के निर्देशन में बनी फिल्म जानकी-भाग 1 छत्तीसगढ़ की पहली हिन्दी है. इस फिल्म को मोहित साहू ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में जानकी के रोल में अनिकृति चौहान और रघु के किरदार में दिलेश साहू नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म में मेकर्स ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश तक पहुंचाने के लिए एक सुंदर पहल किया है. इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक और संगीतकार मोनिका वर्मा और तोषांत कुमार है। खास बात तो ये है कि फेमस वाइस डबिंग आर्टिस्ट संकेत म्हात्रे ने रघु के किरदार और जानकी के करिदार के लिए पायल विशाल ने अपनी आवाज दी हैं।

युक्तियुक्तकरण पर प्रदर्शन

- **भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा-सभी के हित में लिए जा रहे हैं निर्णय**

रायपुर/नवप्रदेश । युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संगठन के प्रदर्शन पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि बहुत सारे लोगों को समझ नहीं आ रहा है. जो सरकार चलाता है, उसे स्टेयरिंग की चिंता होती हैं. साय सरकार के हाथ में स्टेयरिंग है. सभी के हित के लिए काम और निर्णय लिए जा रहे हैं।

भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में एचएस आरपीप्लेट को लेकर कांग्रेस के RTO ऑफिस का घेराव पर कहा कि साय सरकार नित नए आयाम लेकर जनता के सामने आ रही हैं. सारे काम सरकार कर रही हैं. नंबर प्लेट, श्व पोर्टल, पंचायतों को ऑनलाइन करने के काम हो रहे हैं. कांग्रेस के पास कोई काम अब बचा नहीं हैं. आपसी कन्फ्यूज़न बस बचा हैं. कांग्रेस ये सब कर के अपना समय काट रहे हैं।

ननकीराम खरे आदमी : पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर के अपने ही सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए जाने पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि ननकी राम कांवर हमारे वरिष्ठ नेता हैं. वो खरे आदमी हैं. जब वो गृहमंत्री थे, तब अपने आप को भी कह देते थे. ये उनका स्वभाव हैं. मैं इस पर टिपण्णी नहीं करना चाहता।

छह गोल्ड, एक सिल्वर, दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ का बजा डंका

- **इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के फाइटर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

रायपुर/नवप्रदेश। हैदराबाद में चल रहे इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 में छह गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने हैदराबाद ही नहीं अपितु पूरे देश में डंका बजा दिया। छत्तीसगढ़ गर्ल्स रिंग फाइट की टीम ने अलग-अलग वर्गो के संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं ब्वायज की टीम ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज मेडल अपने नाम किए। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के संरक्षक और महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले और एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन दंडवते समेत सभी पदाधिकारियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

टीम के कोच व मैनेजर प्रवीण क्षीरसागर ने बताया कि ब्वायज टीम के मैच रविवार को हुए। पहले अंडर-14 (50 किलो) वर्ग में छत्तीसगढ़ के गौरव हिमने ने तमिलनाडु के जी. शशांक को हराकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। दूसरे मुकाबले अंडर-14 (55 किलो) में वेदांत साहू ने ब्रांज मेडल के हुए मुकाबले में अंडमार निकोबार के जी सामंथा को परास्?त किया। तीसरे अंडर-14 (45 किलो) के रोचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ के तुषार वर्मा ने अरुणाचल प्रदेश के अजीत कुमार बरुआ को हराकर गोल्ड मेडल जीता।

क्षीरसागर के अनुसार छत्तीसगढ़ की टीम की चौथी फाइट अंडर-17 (60 किलो) वर्ग में पुष्कर साहू ने तेलंगाना के पी पूर्ति को पटखनी देकर ब्रांज मेडल जीता। पांचवें अंडर-17 (65 किलो) में योगेश कुमार यादव ने पहली भिड़ंत में अंडमार निकोबार के वी निखिल को व दूसरी भिड़ंत में तमिलनाडु के लाकेश सुडई को हराकर गोल्ड मेडल पर कब?जा जमाया।

इधर छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसो. के सचिव ओपी कटारिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 हैदराबाद में 23 से 26 मई तक आयोजित है। शनिवार 24 मई को हुए गर्ल्स के पहले मुकाबले में अंडर-14 (50 किलो) में सानिका मिश्रा ने गुजरात की एस पटेल को हराया था। दूसरे मुकाबले अंडर-17 (55 किलो) में छत्तीसगढ़ की वर्तिका क्षीरसागर ने महाराष्ट्र की भाग्यश्री दत्ता को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

ग्रामीण वार्डों में पीएम आवास योजना की सर्वाधिक मांग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के बाहरी क्षेत्र कहे जाने वाले टाटीबंध आटारी, हीरापुर, कबीरनगर तथा वीर सावरकर नगर जैसे अर्धशहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वाधिक मांग एवं शिकायतें आ रही हैं। आज जोन क्रमांक 8 के लिए टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल के सामने सामुदायिक भवन में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्षद सहित अधिकारी शामिल हुए।

नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार नगर निगम के सीमा क्षेत्र में विस्तार करने के बाद टाटीबंद के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को नगरीय क्षेत्र में मिला दिया गया है। इनमें रिंग रोड क्रमांक तीन के आसपास के गांव अटारी, बानागुना सहित विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र के गांव शामिल है। इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना की भारी डिमांड है। जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आने वाले इन वार्डों में पेयजल तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वाधिक डिमांड आई है।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफ लाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए।

सियासत

प्रतिमा विवाद पर अमित की दो टूक, या तो मेरी अर्थी उठेगी या प्रतिमा लगेगी

जोगी की राजनीतिक विरासत का अपमान बर्दाश्त नहीं : समर्थक

रायपुर/गौरेला-पेंड्रा-मरवाही /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को लेकर विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मुद्दे पर उनके पुत्र और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी ने दो टूक कहा है कि, या तो मेरी अर्थी उठेगी या अजीत जोगी की प्रतिमा फिर से उसी स्थान पर स्थापित होगी। अमित जोगी के मुताबिक जहां से प्रतिमा हटाई गई, वह निजी ज़मीन है और वहां नगरपालिका या राज्य शासन का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य किसी के इशारे पर किया गया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

अमित जोगी ने कहा मूर्ति जिस तरह रातों-रात चोरी हुई, उसी तरह वापस उसी जगह पर मूर्ति लगनी चाहिए। मैंने डिप्टी सीएम से बात की है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जो भी अप्रिय घटनाएं हुई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। हमें न्याय चाहिए।।

मूर्ति स्थापना को लेकर प्रशासन-समर्थक विवाद जारी

स्थानीय प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा बिना सभी आवश्यक नियमों और प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना स्थापित नहीं की जा सकती। इसके चलते जोगी समर्थकों और प्रशासन के अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। अमित जोगी अभी धरने पर बैठे हैं, जहां उनके समर्थकों और प्रशासन के बीच झड़प भी हुई।

मौके पर एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्रकार, सीईओ सुरेंद्र वैद्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

ज्योतिपुर चौक में स्थापित स्वर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति हटाए जाने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एक मोबाइल दुकान में लगे कैमरे में यह घटना साफ तौर पर रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में देखा जा सकता है कि आधी रात के बाद एक बड़ा वाहन मूर्ति को हटाता है। हैरानी की बात यह है कि उस वक्त घटनास्थल के आसपास कोई भी व्यक्ति नजर नहीं आ रहा, जिससे यह संदेह और गहराता है कि पूरी कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई।

गौरतलब है कि इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है, बल्कि अजीत जोगी समर्थकों में भारी नाराज़गी भी देखी जा रही है। समर्थकों का कहना है कि अजीत जोगी की राजनीतिक और सामाजिक विरासत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या अजीत जोगी की प्रतिमा वापस उसी स्थान पर लगेगी, और इस विवाद का क्या निष्कर्ष निकलता है।

समर्थकों ने की नारेबाजी

जोगी समर्थकों का कहना है कि वे किसी भी सूरत में प्रतिमा को वहीं स्थापित करवाएंगे। वे आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के बावजूद नहीं पकड़ने को शर्मनाक बता रहे है वहीं, एसडीएम पेंड्रारोड नियमों का हवाला देते हुए स्थिति को संभालने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन समर्थकों की नारेबाजी तेज हो रही है और वे प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं। वहीं, इस मामले पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बयान भी सामने आया है। सीएम ने साय ने कहा कि रेणु जोगी (अजीत जोगी की पत्नी) ने कल मुझसे मुलाक़ात की थी। जो मामला सामने आया है, उसकी जानकारी प्रशासन से मंगाई गई है। जानकारी के आधार पर उचित सीसीटीवी फुटेज आया सामने।

मुख्य मार्गो में अवैध बैनर पोस्टर हटाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है।

माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत शामपुर में 86 हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

कोण्डागांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उक्त शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम शामपुर, कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, मांझीबोरण्ड, बाडरा, केरावाही और हाडीगांव सहित कुल 10 गांव के ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य शासन की पहल सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जनसमस्याओं के समाधान और शासकीय योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार कई

जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक सुश्री उसेण्डी ने शिविर में कई ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामाग्री भी प्रदाय किया। इसमें जनपद पंचायत द्वारा 12 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन स्वीकृति, 29 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज और सहकारिता विभाग द्वारा 07 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद का वितरण शामिल है।

समाधान शिविर में जल संरक्षण हेतु प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने और पारंपरिक जल स्त्रोत्रों की साफ सफाई और संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष श्री बैशाखु कोर्राम, श्री दीपेश अरोरा सहित जनपद सदस्यगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम श्री अजय उरांव तथा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सर्व सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

कोंडागांव की दो बेटिया ने नीता और शोभा ने स्टेट लेवल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले की दो बेटियों ने एक बार फिर जिले का मान बढ़ाया है। भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में कोंडागांव की कुमारी नीता नेताम और श्रीमती शोभा धाकरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए हैं।

उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल खेल जगत में उनकी प्रतिभा को साबित किया, बल्कि जिले के लिए गर्व का क्षण भी प्रदान किया है। यह सफलता मसल मानिया जिम, कोंडागांव में कोच संजय सोनपिपरे के कुशल मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। कोच संजय की देखरेख में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपनी तैयारियों को अंजाम दिया, जिसका प्रतिफल आज उनके स्वर्ण पदक के रूप में सामने आया है। नीता और शोभा की इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है। अब दोनों खिलाड़ी आगामी दिनों में रायपुर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। जिलेवासियों को उनसे उम्मीद है कि वे नेशनल लेवल पर भी शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर कोंडागांव का नाम रोशन करेंगी। यह जीत न सिर्फ खेल क्षेत्र में कोंडागांव के बढ़ते कदमों की प्रतीक है, बल्कि उन युवाओं के लिए भी प्रेरणा है जो खेल को करियर के रूप में अपनाना चाहते हैं। नीता और शोभा की मेहनत और सफलता यह साबित करती है कि समर्पण, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण में युवाओं को मिला संस्कार, साहस और सेवा का संदेश

कोंडागांव/नवप्रदेश। गायत्री शक्तिपीठ कोण्डागांव में आयोजित पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस आवासीय शिविर का आयोजन 21 से 25 मई तक अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज (हरिद्वार) के तत्वावधान में किया गया था। समापन समारोह में विधायक लता उसेंडी और जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक गुणों का विकास कर उन्हें एक उत्कृष्ट नागरिक के रूप में तैयार करना था। शिविर में युवाओं को स्वस्थ, स्वावलंबी, शालीन और सेवाभावी बनने की प्रेरणा दी गई, जिससे वे सबल, सम्पन्न, श्रेष्ठ और सुखी राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। तीसरे दिन शिविर की एक विशेष गतिविधि के तहत शहर में नशामुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान युवाओं को महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, शहीद भगतसिंह और पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जैसे महापुरुषों के विचारों और जीवन से प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर परमपूज्य गुरुदेव के संकल्प मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले आरोपी पर पुलिस ने किया कार्यवाही

कोंडागांव/नवप्रदेश। दिगर राज्य उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले आरोपी पर पुलिस ने कार्यवाही किया है ।आरोपी के कब्जे से 24.600 लीटर कीमती 13840 रूपये एवं एक मोटर सायकल जप्त किया गया। मिली जानकारी अनुसार दिनांक 25/05/2025 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उमरकोट (उड़ीसा) की ओर से कोण्डागांव बीजापुर की ओर एक मोटर सायकल क्रमांक ष्ट्त-27 रु8202 में कुछ व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से शराब परिवहन किया जा रहा है की सूचना पर थाना प्रभारी नेतृत्व में थाना अनंतपुर से पुलिस पार्टी मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर नाकेबंदी की कार्यवाही किये इस दौरान एक मोटर सायकल को रोक जांच पड़ताल करने पर आरोपियों के कब्जे से 24 नग हंटर केन बीयर, 67 नग आफिसर च्वाईस, जुमला 24 लीटर 600 मि.ली. अंग्रेजी शराब किमती 13840 रूपये का अंग्रेजी शराब उड़ीसा राज्य निर्मित बरामद किया गया । आरोपियों के खिलाफ34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् की गयी कार्यवाही।

शनि जयंती पर निकली भगवान शनिदेव की शोभायात्रा

■ **शनिमंदिर में हुआ यज्ञ-अनुष्ठान, उमड़ी भक्तों की भीड़**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सूर्यपुत्र शनिदेव महाराज के जयंती पर नगर स्थित शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की अपार भीड़ देखी गई। शनिदेव जी की जंयती के शुभ अवसर पर आज मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह 6 बजे शनिदेव जी का दूध, दही, शहद, घी, पचामृत, तिल के तेल एवं गंगाजल से अभिषेक किया गया। अभिषेक पश्चात भगवान को 32 दीपों की महाआरती की गई। सुबह 9 बजे से शनि मंदिर में मंदिर समिति द्वारा सुंदरकाड, हनुमान चालीसा, सत्संग पाठ किया गया। हवन उपरांत पूर्णाहुति की गई। आज संध्या पहर मंदिर में महाभंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

गौरतलब है कि हर वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनिदेव जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। सोमवार शाम भगवान शनिदेव जी को फूलों से सुसज्जित वाहन में बैठकर नगर भ्रमण करवाया गया। पूरे नगर का चक्कर लगाने के पश्चात शनिदेव महाराज वापस देर शाम अपने धाम पहुंचे। नगर भ्रमण के दौरान भक्तों ने शनिदेव जी के दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना की। नगर भ्रमण पश्चात भगवान शनिदेव को भोग चढ़ाकर विशेष पूजा आरती की गई। शनिदेव को न्याय का देवता माना गया है, जो मनुष्यों को उनके कर्मो के अनुरूप फ्ल प्रदान करते हैं। ऐसी मायता है कि शनि जयंती के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना करने पर शनि दोष, शनि की साढेसाती, और ढैया जैसे विभिन्न कष्टों से राहत मिलती है।

मुख्य पुजारी ने सुनाई शनिदेव की कथा

मंदिर के मुख्य पुजारी विभूति भूषण मिश्र ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या को भगवान श्री शनिदेव जी का अवतरण हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इनका जन्म सूर्यदेव की दूसरी पत्नि छाया से हुआ था। शनिदेव जब मां के गर्भ में थे तब मां छाया भगवान शिव की घोर तपस्या में लीन थी। छाया के तप के प्रभाव से गर्भस्थ शिशु शनि भी जन्म लेने के पश्चात शिव भक्ति में लीन रहने लगे। एक दिन उन्होंने सूर्यदेव से कहा कि पिताश्री मैं हर मामले में आपसे सात गुना यादा रहना चाहता हूं यहां तक कि आपके मंडल से मेरा मण्डल सात गुना अधिक हो, मुझे आपसे सात गुना अधिक शक्ति प्राप्त हो, मेरे वेग का कोई सामना न कर सके। चाहे वह वेग, देव, असूर, दानव, या सिद्ध साधक ही क्यों न हो। आपके लोक से मेरा लोक सात गुना उंचा रहे। मुझे मेरे आराध्य देव श्रीकृष्ण के प्रत्यक्ष दर्शन हो और मैं भक्ति ज्ञान से पूर्ण हो जाउं। पुत्र शनि के श्रद्धा एवं निष्ठा से प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने उन्हें अविमुक्त क्षेत्र काशी जाने और वहीं शिव की आराधना करने का परामर्श दिया। शनिदेव काशी गए और शिव आराधना करने लगे। तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी प्रकट हुए और उन्होने ग्रहों में सर्वोपरि स्थान तो दिया ही साथ ही मृत्युलोक का न्यायधीश भी नियुक्त किया। उन्हें साढेसाती और ढैया का वरदान दिया। साढेसाती की अवधि सत्ताईश सौ दिन और ढैया की अवधि नौ दिन नियत की तब से लेकर आज तक शनिदेव की ढैया और साढेसाती को दंडस्वरूप समझा जाता है।

पिता सूर्य ने शनिदेव जी को मकर और कुंभ राशि के साथ अनुराधा, पुष्य और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का अधिपति भी बनाया। शनिदेव जी ने जिस शिवलिंग की स्थापना की वही आज नौवें ज्योर्तिलिंग श्रीकाशीविश्वनाथ के नाम से प्रसिद्ध है।

नंदलाल की उपस्थिति में समाधान शिविर का आयोजन

■ **1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का किया गया निराकरण**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत दिवस जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत नकुलनार में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें रेंगानार, गडमिरी, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, कुआकोंडा के ग्रामीण जन शामिल हुये। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत के सरपंच, एवं पंच उपस्थित रहे। समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 1519 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1487 मांग व 32 शिकायत थे, जिसमें 1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया तथा अन्य लंबित मांगों को शासन स्तर पर प्रेषित किया गया।

नकुलनार सुशासन तिहार कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 07 नव जात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावा पीएचई विभाग द्वारा 05 ग्रामो को पीने का साफ पानी जांच मशीन किट, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदाय किया गया।

डौरा, नीलकंठपुर, करमडीहा एवं महावीरगंज में किया गया शिविर का आयोजन

■ **ग्रामीणों को आवेदन के निराकरण एवं योजनाओं की दी गई जानकारी**

बलरामपुर /नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डौरा, कुसमी के नीलकंठपुर, रामचन्द्रपुर के महावीरगंज एवं वाड्रफनगर के करमडीहा ब में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलस्टर नीलकंठपुर में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा एवं कलस्टर करमडीहा ब में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते तथा डौरा व महावीरगंज में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समाधान शिविरों में अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण के संबंध मे जानकारी दी। इसके साथ ही शिविर स्थल पर ही पंजीयन काउंटर के माध्यम से नए आवेदन लिए गए। शिविर में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जहां ग्रामीणों के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर विभागीय योजनाओं जानकारी ली गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों में अतिथियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से आप लोगों के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में जिले के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है।

फाइलेरिया और हाइड्रोसील मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार

बलरामपुर। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत फ़ाइलेरिया बीमारी अंतर्गत हाथीपॉव व हाइड्रोसील के मरीजों का उपचार सुविधा भी जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 31 हाथीपाँव रोग के मरीज है जिनको प्रत्येक वर्ष फ़ाइलेरिया रोग प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है।

अवैध रेत भण्डारण पर की गई कार्यवाही

■ **355 ट्रिप अवैध भण्डारित रेत जब्त**

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अनुभाग राजपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी श्री राजीव जेम्स कुजूर के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार सुश्री पूनम रश्मि तिग्गा के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध भण्डारित रेत को जब्त किया गया है।

ग्राम नरसिंहपुर में 05 अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से भण्डारित किये गये रेत को जब्त किया गया है। जिसमें ग्राम चंदौरीडांड में रमेश, बहादूर एवं दीपक के द्वारा लगभग 200 ट्रिप अवैध रेत भण्डारित कर रखा गया था, जिसे जब्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम बहेराडांड में रमेश के द्वारा 50 ट्रिप, यादवपारा में दीपक के द्वारा 50 ट्रिप, बड़कापारा में गौरव सिंह के द्वारा 35 ट्रिप व सुरेश जायसवाल के द्वारा 20 ट्रिप रेत का अवैध भण्डारण किया गया था, जिसे तहसीलदार सुश्री पूनम रश्मि तिग्गा की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए जब्त किया है। विदित हो कि राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

मेडिकल स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरों की हुई जांच

■ **दस्तावेज अनियमितता के कारण पूजा मेडिकल को नोटिस जारी**

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी दवाईयों के अवैध व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोण्डागांव के नेतृत्व में औषधि विभाग द्वारा माकडी एवं बडेराजपुर ब्लॉक में संचालित कुल 14 मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी

कैमरा सक्रिय स्थिति में पाया गया, साथ ही बांसकोट में संचालित पूजा मेडिकल स्टोर में शेड्यूल एच1 एवं अन्य दवाईयों के खरीदी-बिक्री दस्तावेजों के जांच में अनियमितता मिलने पर मेडिकल संचालक को लापरवाही बरतने के लिये नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अन्य जांच में दवाईयों की गुणवत्ता जांच के लिये कोण्डागांव शहर में संचालित शिवांमृता मेडिकल स्टोर से टेलिस्टा 20 नामक दवाई को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया एवं बुस्कोगास्ट इंजेक्सन को ओवरप्राईज के कारण राज्य के प्राईज मॉनिटरिंग रिसोर्स यूनिट में अग्रिम कार्यवाही के लिये भेजा गया है। औषधि निरीक्षक द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाईयों से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने एवं नार्कोटिक, एमटीपी किट जैसे दवाईयों को पजीकृत डॉक्टर के प्रिस्क्रीप्सन के बिना विक्रय न करने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रथम पेज का शेष

पोलावरम बांध : कोंटा सहित डूब ...

मध्यस्थता निर्णायक साबित हो सकती है।

पोलावरम सिंचाई परियोजना

बता दें कि पोलावरम परियोजना भारत के आंध्र प्रदेश में गोदावरी नदी पर एक बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना है। इसका उद्देश्य सिंचाई, जल विद्युत उत्पादन, पेयजल आपूर्ति और कृष्णा नदी बेसिन में जल मोड़ प्रदान करना है। यह परियोजना पश्चिमी गोदावरी जिले के रामय्यापेटा गाँव के पास स्थित है।

2014 में घोषित हुआ राष्ट्रीय परियोजना

इस परियोजना की परिकल्पना 1980 में गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण की सिफारिशों के हिस्से के रूप में की गई थी। इस परियोजना ने 2005 के बाद गति पकड़ी और इसे आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के तहत राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया।

लोकल फॉर वोकल पर ...

ऑपरेशन सिंदूर के लिए एक नागरिक के तौर पर मेरे पास आपके लिए एक काम है- घर जाइए और एक सूची बनाइए कि आप 24 घंटे में कितने विदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं। हमारे पास सब कुछ है। ऐसे में हमें अपनी चीजों को ही इस्तेमाल करना है, जो हमारे देश में बनी हो। एक या दो चीजों को छोड़कर सब कुछ हमारे यहां उपलब्ध है।

आपके बीच आकर परिवार...

करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय सभी गरीबो के लिए मुफ्त में अनाज की व्यवस्था की गई। किसी को भूखे पेट नहीं सोने दिया गया। हमारी सरकार गरीबो का सम्पूर्ण ख्याल रखती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से केबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद को आवास दिया जाएगा। आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों का वादा पूरा कर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष से बकाया धान बोनस राशि भी दी। उन्होंने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला। इस योजना से जो वंचित है उन हितग्राहियों का नाम भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से 5500 रुपये किया गया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर हितग्राहियों को रामलला का दर्शन कराया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बड़े-बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से बन्द हुई मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना से तीर्थ यात्रा के इच्छुक परिवार अपने पसंद के अन्य तीर्थ स्थल का लाभ उठा पाएंगे।

बीजापुर की डॉ. ओमेश्वरी...

पहचान मिली है। इस गरिमामय समारोह में प्रसिद्ध आरजे आरती मल्होत्रा, तिलक तनवर सहित देश भर से आए कई प्रमुख सामाजिक और साहित्यिक हस्तियां मौजूद थीं।

समीक्षकों ने मुखौटे की कहानी और लेखन शैली की खूब प्रशंसा की। समीक्षक प्रतिभा ने टिप्पणी की कि दो महत्वपूर्ण विषयों को एक ही कहानी में समेटने का कार्य ओमेश्वरी नूतन जैसी मंझी हुई उपन्यासकार ही कर सकती हैं। वहीं, आद्रिका जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि फ्इसे पढ़ते समय मैं स्वयं को बस्तर के जंगलों में पहुंच गई थी। यह उल्लेखनीय है कि डॉ. ओमेश्वरी देवांगन ने पहले भी साहित्य के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। बीजापुर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि जिले की एक बेटी साहित्य के माध्यम से देश और दुनिया में अपनी पहचान बना रही है।

4 हार्डकोर सहित 18...

लाभ उठाने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना और प्रशासन की मजबूत मौजूदगी से नक्सली संगठन कमजोर हो रहे हैं, और इसी का परिणाम है यह आत्मसमर्पण।

पुलिस ने बसवराजू सहित ...

भी गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के...

भी गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी- मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न स्तरों के विद्यालयों का समायोजन, न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि इससे शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी और छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। इससे स्कूली वातावरण अधिक प्रभावशाली बनेगा और बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उठाया गया यह कदम छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

10,297 विद्यालयों को युक्तियुक्त : परदेशी

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने जानकारी दी कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत एक ही परिसर में संचालित 10,297 विद्यालयों को युक्तियुक्त किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में एक किलोमीटर के दायरे में स्थित 133 विद्यालयों और शहरी क्षेत्र में 500 मीटर के दायरे में स्थित 33 विद्यालयों को भी युक्तियुक्त किया गया है।

बीजापुर जिले के अंतिम छोर पर सड़क मार्ग से पामेड़ पहुंचे पूर्व मंत्री महेश गागड़ा

- बैंक, पुनर्वास केन्द्र व कन्या आश्रम का किया शुभारंभ
- ग्राम पामेड़ में सुशासन तिहार 2025 चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

बीजापुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ गांव में सड़क मार्ग से पूर्व मंत्री महेश गागड़ा पहुंचे। दरअसल यह मार्ग कभी नक्सलियों के प्रभाव के चलते आम आवाजाही और सुरक्षागत कारणों से आवाजाही लगभग बंद थी। जिले में बढ़ते संचार संसाधनों और सुरक्षा कैंपों की स्थापना से पुजारी कांकेर सहित पामेड़ तक अब पहुंच आसान हो गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं के त्वरित निराकारण हो और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार छत्तीसगढ़ के हर जिले के

गांव में सुशासन तिहार 2025 के माध्यम से गांवों मे जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर रही है। इसी परिपेक्ष्य में आज बीजापुर के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पामेड़ में जन चौपाल लगाया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा पहुंचकर नए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक व पुर्नवास केन्द्र एवं माध्यमिक कन्या आश्रम का शुभारंभ किया। जन चौपाल में दूर-दराज से आए ग्रामीणों की समस्या सुन अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा,जनपद अध्यक्ष उसूर पूर्णिमा तेलंम, जिला पंचायत सदस्य शंकरैय्या मंडवी,सरपंच सावित्री चेरपा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण और अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

नक्सल क्षेत्र पामेड़ में बैंक शाखा खुलने पर ग्रामीणों ने सीएम साय को दिया धन्यवाद :

आजादी के 77 सालों बाद नक्सल क्षेत्र पामेड़ में बैंक खुलने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, ग्रामीणों ने कहा हमे बहुत खुशी हो रही है, कि अब हमारे कमाई का पैसा हम इस बैंक में डाल पाएंगे और जब चाहे निकाल पाएंगे। पहले हमें पैसा निकालने लगभग 80 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था।अब हमारे घर के पास बैंक खुला है,इसके लिए छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद।

संक्षिप्त खबरें

छग के राज्यपाल का पहुंचे चारामा विश्राम गृह कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका आज कांकेर एवं कोण्डागांव जिले के प्रवास के दौरान आज सुबह 10 बजे चारामा स्थित शासकीय विश्राम गृह पहुंचे यहां पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं एसएसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तदुपरांत राज्यपाल को पुलिस के जवानों के द्वारा गरिमामय ढंग से ÷गार्ड ऑफ ऑनर÷ दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने कोण्डागांव के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय (एडीसी) निशांत कुमार भी उपस्थित थे।

समाजसेवी संस्था प्रमुख पप्पू मोटवानी को मिला इंटरनेशनल आईकॉन सम्मान

काँकेर/नवप्रदेश। देश प्रदेश की प्रख्यात समाजसेवी संस्था 'जन सहयोग' के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को नई दिल्ली की साहित्य संस्कृति अकादमी द्वारा प्रायोजित नेशनल एवं इंटरनेशनल आईकॉन सम्मान में इंटरनेशनल आइकॉन हेतु सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था। तदनुसार उन्हें रेस्ट हाउस में एक सादगी पूर्ण समारोह में प्रदेश के योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा के करकमलों से इंटरनेशनल आइकॉन गोल्ड मेडल सम्मान भारत के राजकीय चिन्ह की सुंदर अनुकृति स्मारक के रूप में प्रशस्ति पत्र सहित प्रदान की गई। विवरण में बताया गया है कि अजय पप्पू मोटवानी का सम्मान उनके द्वारा की गई अनेक प्रकार के समाज सेवाओं विशेषकर 156 लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार हेतु समर्पित भाव से वर्षों से किए गए पुण्य कार्यों हेतु प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की समाज सेवाओं हेतु अजय पप्पू मोटवानी विगत कुछ वर्षों से लगातार पुरस्कृत /सम्मानित होते आ रहे हैं।जिनमें देश प्रदेश के अलावा विदेशी पुरस्कार सम्मान भी सम्मिलित हैं। गरिमामय समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक महामंत्री दिलीप जायसवाल कोषाध्यक्ष राजा देवनानी वीरेंद्र श्रीवास्तव अरविंद जैन तनुज ठाकुर जनसहयोग संस्था की ओर से राजकुमार फब्याणी प्रवीण गुप्ता मनोज जायसवाल तथा संगठन के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित थे।

156 लावारिश लाशों निस्वार्थ भाव से अंतिम संस्कार बेहद भावुक पल

युवा कांग्रेस ने किया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस के द्वारा दंतेवाड़ा प्रवास मे जा रहे छत्तीसगढ़ के पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे का कांकेर आगमन पर कोडेजूंगा चौक के पास युवा साथियो के साथ युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवनी एनएसयूआई पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू युवा कांग्रेस भानूप्रतापपुर विधनसभा अध्यक्ष आकाश यदु के साथ जोरदार स्वागत किया गया जिसमे युवा कांग्रेस के प्रियंका जैन अन्नू साहू,सुमित्रा सोनवानी साक्षी बांसोड़ अलीशा हिमनी, दिव्या मंडावी,मनीष दीपक गोकुल नरेटी दिलेश्वर जैन मोती नायक शिवलाल शोरी, नरसिंग नेताम कार्यकर्ता उपास्थित थे।

राहत हो या बचाव हर कदम पर सतत रहे प्रशासनिक टीम

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में आगामी मानसून सत्र को देखते हुए जिले में वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि, जलभराव, यातायात बाधा, बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान, राहत एवं बचाव सामग्री की उपलब्धता एवं अन्य आपदा की स्थिति से बचने के लिए संबंधित विभागों को सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने खाद-बीज भण्डारण-वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति एवं राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

पुनः पैर पसार रहा एक्सपायरी समान

- बीते तीन महीनों से खाद्य विभाग की कार्यवाही नहीं होने से पनप रहा एक्सपायरी समान
- बच्चे से लेकर बड़े तक एक्सपायरी समान का सेवन कर दे रहे बीमारी को न्यौता
- एक्सपायरी पदार्थ बेचने वालो के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही किया जाएगा : संजय नंद

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में एक्सपायरी सामनों की बिक्री पुनः पैर पसारते दिख रही है। खाने पीने के समान एक्सपायरी होने के बावजूद शहर में धड़ल्ले से बिक रही है। जिसके चलते आमजनो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। लेकिन फूड सेफ्टी ऑफिसर की कार्यवाही मानो थम सी गई है।

बता दें कि बीते तीन माह पूर्व तत्कालीन जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी विमल कुमार सिंह लगातार समय समय पर एक्सपायरी सामनों को लेकर छापेमार कार्यवाही किया जाता रहा है। लेकिन जब से तत्कालीन फूड सेफ्टी ऑफिसर के जाने के बाद आज पर्यंत तक फूड सेफ्टी ऑफिसर द्वारा लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालो पर विभागीय कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके चलते एक्सपायरी समान बेचने वालो के मानो हौसले बुलंद हो चले हैं।

हालांकि एक बात यह भी सामने आ रही है कि जिले के फूड सेफ्टी ऑफिसर दो जिले के प्रभार में है वैसे जिला खाद्य औषधि प्रशासन के अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि एक्सपायरी समान

बेचने वालो के खिलाफ़ सतत कार्यवाही किया जाएगा।

एक्सपायरी पदार्थ को बच्चे तक खा रहे जानमाल के जिम्मेदार कौन!......

बता दें कि कांकेर जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कहलाता है। गांव के ग्रामीण बेहद सरल सहज होते है। इसलिए लोकल ब्रांड के उत्पाद को अक्सर ग्रामीण इलाकों में खपाया जाता है। जहां गांव के भोलेभाले लोग एक्सपायरी समान का सेवन कर गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाते है।एक्सपायर समान अधिकांश रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बेचा जाता है। जहां गांव के छोटे बड़े बच्चे तक एक्सपायरी खाद्य पदार्थ का सेवन कर गंभीर बीमारी को न्यौता देते नजर आते है!इसके अलावा शहर के अधिकांश दुकानों में खाने के समान एक्सपायरी होने की खबर सामने आई है!

चिप्स कुरकुरे में स्टैपल पीन मार बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़!....

बता दें कि अधिकांश दुकानों में बच्चो के सबसे पसंदीदा चीजें जैसे चिप्स कुरकुरे में दुकानदार स्टैपल पीन मारकर रखते है। इसके पीछे की वजह यह है कि ऐसे प्रोडक्ट एक दर्जन आता है किसी ने एक दो चिप्स या कुरकुरे लेते है तो वो इधर उधर न पड़े रहे इसलिए बचे चिप्स कुरकुरे के पैकेट में स्टैपल पीन मारकर उसे रख दिया जाता है। अगर कोई छोटे बच्चे चिप्स कुरकुरे खरीदते है तो दुकानदार स्टैपल पीन लगा हुआ देकर बच्चो को भेज देते है। ऐसी स्थिति में बच्चो को पीन लगे होने से बच्चों के सेहत से खिलवाड़ साफ दिखाई देता है। समय रहते इस पर कार्यवाही नहीं होती है तो आने वाले समय में गंभीर परिणाम से इंकार नहीं किया जा सकता!

> जिले में बिक रही एक्सपायरी सामनों के खिलाफ सतत् कार्यवाही किया जाएगा।जल्द ही एक्सपायरी समान बेचने वाले दुकानों पर दबिश देकर सख्त कार्यवाही किया जाएगा।
>
> **संजय कुमार नंद , प्रभारी फूड सेफ्टी ऑफिसर कांकेर**

रियल स्टेट के नाम पर 72 लाख रूपये की धोखाधड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार

- पैसे का 2 महीने के भीतर दोगुना चारगुना करने का लालच देकर ठगी को देते थे अंजाम

कांकेर/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस में पीड़ित द्वारा जमीन खरीदी बिकी में 200 प्रतिशत् का केशबेक व साथ गिफ्ट में कार देने का लालच देकर लोगों से रकम जमा करवाकर

रियल स्टेट व फारेक्स ट्रेडिंग संचालित करने वाले अफशा प्रापटी प्राईवेट लिमिटेड और आगाज इंफ्रा मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड (ट्रेडिंग टाईर एकेडमी) के 72 लाख रूपये की रियल स्टेट फारेक्स ट्रेडिंग में निवेश कराकर आमजन से धोखाधड़ी करने वाले के 03 जिसमें एक महिला आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने कांकेर पुलिस ने 03 टीम बनाकर रायपुर,दुर्ग एवं कोरबा शहर में दबीश देकर आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार हितग्राहियों के पैसे का 2 महीने के भीतर दुगुना चारगुना करने का लालच देकर ठगी को अंजाम दिए जाने की जानकारी मिली है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार। 21 मई 2025 को प्रार्थी चेतन लाल साहू पिता स्व. कार्तिक राम साहू उम्र 59 वर्ष ग्राम बोरी पो.खपरी थाना जिला बालोद को लिखित आवेदन पेश किया कि रियलस्टेट एवं फारेक्स ट्रेडिंग के नाम से अफशा प्रापर्टी प्राईवेट लिमिटेड और आगाज इंफ्रा मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड (ट्रेडिंग टाईर एकेडमी) द्वारा रकम दो गुना करने का लालच देकर कम्पनी में निवेश कराकर धोखाधड़ी किया गया है। जिस कम्पनी डायरेक्टर जगन्नाथ टांडी,फाउंडर और सीईओ उसकी पत्नी अंजूलिका पटेल है।उक्त कम्पनी में 20 प्रतिशत प्रतिमाह माह व दो माह में डबल जमीन खरीदी बिकी में 200 प्रतिशत का कैशबैक व साथ गिफ्ट में कार दिया जाने का झांसा दिया गया। फाउंडर जगनाश टांडी और सी.ई.ओ उसकी पत्नी अंजूलिका पटेल एवं कोर कमेटी के सदस्य जयप्रकश बघेल एंव अन्य आरोपियों द्वारा आम लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की योजना बनाकर षडयंत्रपूर्वक उक्त कम्पनी में रकम निवेश कराकर रकम वापस नहीं कर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से 72 लाख रूपये का धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर मे अपराध क्र.154/2025 धाराः- 318(4), 61(2) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिन्हा अनु वि.अधिकारी पुलिस मोहसीन खान डीएसपी गिरिजा शंकर साव डीएसपी प्रतिभा लहरे के मार्गदर्शन में थाना कांकेर,थाना अजाक,सायबर सेल का विशेष टीम गठित कर आरोपीगणों के निवास स्थानों में दबिश देकर आरोपीगणों का पता साजी किया गया। जिसमें जितेन्द्र देशमुख जयप्रकाश बघेल एवं अंजुलिका पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपीगण 1जय प्रकाश बघेल पिता स्व. सबद राम बघेल उम्र 39 वर्ष निवासी कोतरा पोस्ट थाना कोतरा रोड़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) हाल-कुटीपारा पारागांव, तह.गोबरा नवापारा जिला रायपुर ,2. जितेन्द्र देखमुश पिता भागचंद देशमुख उम्र 30 वर्ष निवासी प्रगतिनगर गुढ़ियारी रायपुर एवं 3.अन्जुलिका पटेल पिता स्व. विनोद कुमार पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी संतोषी नगर एस विहार कालोनी रायपुर को 26 मई 2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में शिकारियों पर बड़ी कार्रवाई

- वन्य जीव मांस और हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार

बीजापुर/ नवप्रदेश। इंद्रावती टाइगर रिजर्व इलाके में जंगली सुअर का शिकार करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह गिरफ्तारी मंगलवार, 27 मई, 2025 को हुई, जब वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोंगूपल्ली के पास से इन शिकारियों को दबोचा। उनके पास से 25 किलोग्राम से अधिक जंगली सुअर का मांस, हथियार और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

ऐसे हुई कार्रवाई:

सोमवार, 26 मई, 2025 को इंद्रावती टाइगर रिजर्व को परिक्षेत्र मद्देड़ बफर के बीट गिलगिचा के कक्ष क्रमांक 719 आर.एफ में जंगली सुअर के शिकार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही, इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक रामाकृष्ण (भा.व.से.) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में सहायक संचालक संजय रौतिया (स.व.सं.), परिक्षेत्र अधिकारी रामायण प्रसाद मिश्रा (उ.व.क्षे.), वनपाल शंकर सिंह यादव और नीरज श्रीवास्तव, वनरक्षक शंकर तलाड़ी, हरीश मांझी और मोहन अवलम, और पेट्रोलिंग गार्ड कोरसा गोपाल शामिल थे।

टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी और जंगली सुअर का मांस ले जा रहे तीन आरोपियों को दो मोटरसाइकिलों के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को आज मंगलवार, 27 मई, 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जब्त सामग्री:

शिकारियों के पास से भारी मात्रा में सामग्री जब्त की गई है, जिसमें: जंगली सुअर का मांस 25.200 किलोग्राम, कुल्हाड़ी: 01 नग, चाकू: 04 नग, बड़ा छूरा: 01 नग, धार फाइल: 01 नग, गंजी: 01 नग, जंगली सुअर का जबड़ा: 01 नग, मोटरसाइकिल वाहन: 02 नग (हीरो एचएफडीलक्स न्यू सोल्ड ब्लैक ग्रे कलर और हीरो एचएफ डीलक्स ब्लैक रेड सीजी 18 जे 3803)

शहीद पामेन्द्र कांगे के स्मारक का किया अनावरण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार गत 25 मई रविवार को शहीद (आर्मी जवान) स्व. पामेन्द्र कुमार कांगे के स्मारक का अनावरण उनके गृह ग्राम जामपारा मरकाटोला (मयाना) में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने शहीद जवान के स्मारक को पुष्पमाला अर्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई.एन.) सेवानिवृत्त संजय शुक्ला द्वारा स्वर्गीय जवान के माता को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त कांगे परिवार सहित जिला के भूतपूर्व सैनिकगण एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

लापरवाही न हो ... *एक पेड़ मां के नाम अभियान को सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता से बनाए सफल*

राशन का भण्डारण एवं वितरण हर हाल में सुनिश्चित करें: कलेक्टर

- आत्मसमर्पित और नक्सली हिंसा से पीड़ित परिवारों को पहले कार्ड आधारित प्राथमिक विभागीय सेवाएं से करें लाभान्वित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम पीडीएस प्रणाली के तहत प्रदाय राशन सामग्री के सुव्यवस्थित संचालन एवं भण्डारण को पुख्ता करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के समस्त पीडीएस दुकानों फिर वह चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हर माह के 30 तारीख तक सामग्रियों के भण्डारण एवं माह के 10 तारीख तक उसका वितरण हर हाल में सुनिश्चित हो जाना चाहिए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए है। इसके अलावा स्टोर की गई उपभोक्ता सामग्रियों की गुणवत्ता का ध्यान में रखते हुए उसका भण्डारण भी सुरक्षित स्थान में किया जाएं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अनुविभाग में पीडीएस दुकानों की क्रमवार वितरण और भण्डारण की नियमित रूप से समीक्षा कर जिला कार्यालय को रिपोर्टिंग करें।

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के सफल संचालन के लिए जारी हुए निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है इसमें जन सहभागिता, अंतरविभागीय समन्वय और महत्वपूर्ण घटक होगें। इस अभियान के तहत प्रमुख रूप से विद्यालयों, महाविद्यालयों में गठित इकोक्लब्स के माध्यम से 5 जून से 30 सितंबर तक गहन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, जल शक्ति अभियान स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रमुख कार्यक्रमों को भी इस अभियान के अनुसार संरेखित करने का प्रयास किया जाएगा इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन, जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। वृक्षारोपण के चिन्हित स्थानों के अंतर्गत विद्यालय शिक्षण संस्थानों के प्रांगण, नगर वन, पार्क, राष्ट्रीय एवं राज्य पथ प्रमुख सड़कें, जल संरचना, कैचमेन्ट एरिया, नदी तट, अमृत सरोवर आदि सम्मिलित रहेगें। इस अभियान में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी शामिल रहेगें। इसके लिए कलेक्टर ने लक्ष्य का निर्धारण कार्य योजना निर्माण, सभी वृक्षारोपण गतिविधियों के अभिलेखीकरण के साथ-साथ वृक्षारोपण का डेटा जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए जाने के संबंध में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : टंकराम वर्मा

■ समाधान शिविर में हितग्राही योजनाओं से हुए लाभान्वित

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिजली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय विधायक श्री रोहित साहू के अनुरोध पर बाबा कुटिर धाम के लिए 30 लाख रूपये, मुक्तिधाम मार्ग के लिए 10 लाख रूपये, जिम निर्माण के लिए 5 लाख रूपये एवं तीन ब्लॉक में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट देने की घोषणा की। समाधान शिविर में मंत्री वर्मा ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी बिजली एवं महिला स्व सहायता समूह भवन ग्राम पंचायत बिजली का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राही को श्रवण यंत्र, 1 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं की गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 हितग्राही को मच्छरदानी एवं 6 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को मछली जाल और 1 आईसबाक्स, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को धान बीज एवं दो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त आवेदनों में 8821 मांग एवं 36 शिकायत से सम्बधित थे, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया।

हमारी सरकार द्वारा की गई सभी घोषणाए पूरी की गई

राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पदभार ग्रहण करने बाद सौ दिन के भीतर जितने भी बडी घोषणाए की गई थी। उसे पूरा किया गया। उन्हेंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, बुजुर्गो, युवाओं के सम्मान के लिए काम कर रही है। जिससे देश में महिलाओं का एक अलग सम्मान है। और प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अनेक विकास कार्य कर रही है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरे किये है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

■ ■ न्यूज गैलरी

31 मई को देसहा गड़रिया समाज करेगा भव्य आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल के

तत्वावधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर 31 मई को भव्य आयोजन होने जा रहा है। बता दें कि, इस दिन रायपुर के रायपुरा महादेव घाट स्थित पाल सामाजिक भवन परिसर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण एवं नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होगा। पाल सामाजिक भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से चल रही है। वहीं इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से भारी संख्या में समाज की महिला-पुरुष, युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल होंगे। इसी दिन शाम को त्रैमासिक बैठक भी आयोजित होंगी। जिसमें सामाजिक न्याय प्रक्रियाओं का निपटारा एवं अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव पाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत मौजूद रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, माधव राव सप्रे वार्ड के पार्षद महेन्द्र औसर, छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष लखन भार्गव सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे। समाज के प्रदेश सचिव राजू पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, कार्यक्रम के दिन सुबह के समय समाज की महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ आकर्षक कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा व हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सशक्त एप की सहायता से चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी में सफलता प्राप्त हुई है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रार्थी मनहरण साहू उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 मोहभठ्ठा बेमेतरा द्वारा 22.03.2025 को थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22.03.2025 एवं 23.03.2025 की मध्यरात्रि में आरोपी द्वारा उनकी हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक CG 07 LT 7668), जिसकी अनुमानित कीमत 10000 है, चोरी कर ली गई है। प्रकरण में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में थाना स्टाफकी टीम गठित कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सशक्त एप के माध्यम से वाहन क्रमांक CG 07 LT 7668 की जानकारी प्राप्त कर आरोपी साधु यादव पिता बनवाली यादव उम्र 46 वर्ष निवासी बींजरा थाना भाठापारा जिला बलौदाबाजार (हाल पता कोहका, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर) को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई है।

अपराधी को पकड़ने में पुलिस ने दिखाई मुस्तैदी

आपसी रंजिश के चलते हत्या,पुलिस ने आरोपी को तत्काल धरदबोचा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। 24 मई को रात लगभग 9 बजे से 10 बजे के मध्य ग्राम तेन्दुवा निवासी देवराज वर्मा की हत्या की गई। घटना के संबंध में प्रार्थी मनोज कुमार वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी तेन्दुवा ने पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके छोटे भाई देवराज वर्मा को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सुनील वर्मा पिता फिरंता वर्मा द्वारा धारदार व लोहे की वस्तु से सिर, गर्दन व शरीर के अन्य भागों पर हमला कर हत्या कर दी गई। प्रार्थी ने बताया कि 24मई की रात को आरोपी सुनील वर्मा ने पहले गाली-गलौज किया, जिसे समझा-बुझाकर वापस भेजा गया था। लेकिन उसी रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच आरोपी ने देवराज वर्मा पर सुनियोजित हमला कर उसकी हत्या कर दी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ़ में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह तथा टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सुनील वर्मा उर्फ लल्लू

6 जुआरियों से 162500 रूपये एवं ताश जब्त

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 24 मई 2025 को थाना थान खम्हरिया स्टाफको मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम साजन मे हरिराम बोर बाडी के पास, नदी के पास साजन खार मे कुछ जुआडीयो आम जगह पर 52 पत्ती ताश से रूपये पैसों का दांव लगाकर अवैध धन अर्जित कर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर थाना खम्हरिया एवं सायबर सेल पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 6 जुआडियों महेश्वर निषाद साकिन अमलीडीह थाना खैरागढ जिला खैरागढ, सुनील कुमार देशलहरे साकिन उमरावनगर थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा, मनोहर राय साकिन व थाना राजा नवागांव जिला कबीरधाम, हफीज बेग साकिन वार्ड नं. 14 थान खम्हरिया थाना थान खम्हरिया, संतोष पाली साकिन व थाना राजा नवागांव जिला कबीरधाम, संतोष वर्मा उम्र 48 साल साकिन तुमडीपार थाना परपोडी जिला के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

राज्य स्तर पर डीएपी उर्वरक की कमी की आशंका

राजनांदगांव/नव प्रदेश। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष 11 जून 2025 को मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। इस दृष्टि से कृषकों द्वारा खरीफफसल की तैयारी हेतु खेत की जुताई, बीज, उर्वरक, जैविक खाद की व्यवस्था की जा रही है। जिले में खरीफफसल का रकबा 184400 हेक्टेयर है, जिसमें धान्य फसल का 174215 हेक्टेयर, मक्का 2100 हेक्टेयर, दलहन फसल 1295 हेक्टेयर एवं तिलहन 3340 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। फसलों के उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चूंकि राज्य स्तर पर डीएपी उर्वरक की कमी की आशंका व्यक्त की गई है। पौधों के फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों की वैकल्पिक व्यवस्था करना आवश्यक है। कृषकसेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अधिकांश मात्रा में उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा इस परिप्रेक्ष्य में किसानों को यदि डीएपी की कमी होने पर अन्य उर्वरकों का उपयोग कर फसलों का अधिकतम उपज प्राप्त करने तकनीकी सलाह दी गई है। धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म हेतु 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्रामे म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके, 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स कॉम्प्लेक्र उर्वरक एनपीकेएस (20 : 20 : 0 : 13), 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। धान की बौनी किस्में 141 दिन से अधिक हेतु 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके (12 : 32 : 16), 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20 : 20 : 0 :13), 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है।

यादव समाज कृष्ण के आदर्शों और मूल्यों को जीने वाला एक जीवंत दर्शन : दीपेश साहू

■ झेरिया यादव समाज के अधिवेशन में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लॉक के ग्राम सोंड में झेरिया यादव समाज द्वारा तहसील स्तरीय 18 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री भाजपा अवधेश सिँह चंदेल ने किया। आयोजन समिति द्वारा श्री साहू समेत अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से फूल माला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें विधायक श्री साहू समेत सभी उपस्थित अतिथियों ने भाग लिया और समाज के कल्याण हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम मे यादव समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीपेश साहू ने इतना भव्य, सुसंस्कृत और अनुशासित आयोजन के लिए आप सभी को दिल से बधाई और शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा आज के इस पावन अवसर पर झमाझम बारिश के बावजूद आप सभी जिस प्रकार अनुशासनपूर्वक भारी संख्या में इस अधिवेशन में उपस्थित हैं यह अपने आप में यादव समाज की एकजुटता, समर्पण और संस्कृति की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा आपके इस कार्यक्रम में ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण, गोपालजी और इन्द्रदेव जी भी आपकी श्रद्धा और समर्पण से प्रभावित होकर उपस्थित हैं। आपने समाज के माध्यम से एक ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया है, जो अनुकरणीय है और प्रेरणास्पद भी। मैं स्वयं साहू समाज से हूँ, लेकिन आज यादव समाज ने जिस प्रकार स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। राजनीतिक क्षेत्र में भी हमने यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया है क्योंकि जब साथ आपका है, तो हमारी जिम्मेदारी भी बनती है कि हम समाज के सशक्त और योग्य व्यक्तियों को अवसर दें। चाहे वह चुनावी मैदान हो या सेवा सहकारी समितियाँ, हर जगह हमने यादव समाज के लोगों को भागीदारी दी है। विधायक साहू ने कहा यादव समाज केवल एक समुदाय नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण के आदर्शों और मूल्यों को जीने वाला एक जीवंत दर्शन है।

आर्ट ऑफलिविंग का स्नेह बंधन रविवार 1 जून को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनंदगांव ने विगत माह 13-18 मई को हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया,जिसमे शहर के गणमान्य लोगो ने श्वासों की शक्ति शाली सुदर्शन किया का अद्भुत अनुभव किया। सभी ने अपनी आंतरिक शांति ,श्वासों की अद्भुत शक्ति और ध्यान का गहरा अनुभव कर सुकून और आनंद प्राप्त किया। सभी अभीभुत और अप्रतिम खुश हुए।

शराब पिलाने की बात को लेकर मारपीट, उपचार के दौरान मौत, हत्या का आरोपी गिरफ्तार

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम पाहंदा निवासी रमेश कुमार पिता पुनाराम साहू उम्र 67 वर्ष द्वारा 23.05.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22.05.2025 को शाम लगभग 5:30 बजे गांव के दीपक निषाद ने शराब पिलाने की बात को लेकर उनसे अश्लील गाली-गलौच की एवं जान से मारने की धमकी देते हुए लात-मुक्का और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। प्रकरण में थाना बेरला में तत्काल अपराध क्रमांक दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि घायल रमेश साहू का उपचार मेकाहारा अस्पताल रायपुर में चल रहा था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। थाना मौदहापारा रायपुर से प्राप्त मर्ग डायरी के आधार पर थाना बेरला में मर्ग क्रमांक 57/2025 धारा 194 के तहत असल मर्ग कायम कर जांच की गई। मर्ग जांच में गवाहों के कथनों एवं साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी दीपक निषाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पाहंदा ने मृतक रमेश साहू को शराब पिलाने से मना करने पर क्रोध में आकर मारपीट की, जिससे सिर सहित अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं, जिनके कारण उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

प्रकाश बैस ने सांकरा में कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण सांकरा के बूथ क्रमांक 176 पर किया। यह कार्यक्रम पवन साहू के निवास में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, शहद उत्पादकों से सीधे शहद खरीदने, एथलेटिक्स जैसे खेलों को प्रोत्साहन देने, और मिशन सिंदूर की सफलता के माध्यम से देश के सैनिकों के साहस को नमन करने की प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के साथ जनपद सदस्य एवं वन सभापति राजेश गोसाई, मंडल महामंत्री श्रीमती सुलोचना साहू, सांकरा सरपंच नागेन्द्र बोरझा, मंडल उपाध्यक्ष सत्ती मरकाम,महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता साहू,सहकारी समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, बूथ अध्यक्ष विशाल ध्रुव (175), अमृतलाल साहू (176), शशिभूषण साहू (173),तथा अन्य कार्यकर्ताओं में मीरा बाई साहू, अमेश ध्रुव, चिंता बाई ध्रुव, दुगेश्वरी साहू, नागेश्वरी साहू, रजुला साहू, गायत्री साहू, दुर्गेश्वरी साहू, मायाराम ध्रुव, देवला बाई, दशरथ साहू, राघव यादव, कोमल साहू, रमशीला साहू, टिकेश्वरी साहू, कमला बाई, अमृत बाई यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना रहा। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

अपराध... धारदार चाकू से हत्या करने की नियत से पेट में वार कर हमला किया

पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग द्वारा अपने ही साथी के पेट में किया चाकू से वार

■ संघर्षरत् बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने किया जप्त

राजनांदगांव/नव प्रदेश। प्रार्थी (नाबालिक) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25मई को यह अपने घर में था तभी रात्रि 08:00 बजे के लगभग विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक द्वारा इसे फोन लगाकर मछली मार्केट के पीछे लाना पास बुलाने पर प्रार्थी अपनी साथी के साथ वहॉ पर गया और विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक द्वारा इसका मोबाईल मांगकर फ्लाईट मोड में कर अपने पास रखे धारदार चाकू से हत्या करने की नियत से प्रार्थी के पेट में वार कर हमला किया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी हेतु पृथक से टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया। विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्जी कांटने का चाकू जप्त कर विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय किशोर न्यायाबोड के समक्ष पेश किया गया।

विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक का वारंट प्राप्त होने उपरान्त बाल सम्प्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। प्रार्थी शमसुल आमल पिता मो0 आलम उम्र 32 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव का दिनांक 25.05.25 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी राकेश खण्डेलवाल निवासी तुलसीपुर राजनांदगांव एवं दीलशाद आलम निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव का इसे मां बहन अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि. नरेश सार्वा, सउनि. जीवराज रावटे, प्र0आर0 किशोर यादव, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, मोहसीन खान की विशेष भूमिका रही।

झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में हैं महत्वपूर्ण योगदान

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के तहसील बेरला के ग्राम पंचायत सोढ में आयोजित तहसील स्तरीय झेरिया यादव समाज सम्मेलन में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। झेरिया यादव समाज के तहसील स्तरीय सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।अपने मेहनत और सूझबूझ के दम पर झेरिया यादव समाज ने सभी समाजों को हमेशा सहयोग प्रदान किया है। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज के रीति रिवाज तथा गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला एवं समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का भी उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी।

न्यूज गैलरी

शिविर के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक सिखाने जिले के गॉवों में 29 मई से 12 जून तक कुल 78 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञनिकों, कृषि एवं संवर्गीय विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और मछ्ली पालन विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर शिविर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि तीनों विकासखण्डों में 26-26 शिविर लगाए जाएंगे।

संविदा भर्ती के लिए आवेदन 2 जून तक आमंत्रित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में मिशन शक्ति अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन 02 जून तक आमंत्रित किया गया है। महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय महिला शक्ति केन्द्र हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर और मल्टी टास्क स्टॉफके पदों पर भर्ती की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 256 में सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही जिले के का अवलोकन किया जा सकता है।

पात्र विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में संचालित समस्त शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है। 31 मई, 31 अगस्त और 30 नवम्बर को नवीनीकरण और 31 अगस्त, 31 सितम्बर तथा 30 नवम्बर को नवीन आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है।

मुंगेली के अर्पण जैन ने यूपीएससी में पाई 313वीं रैंक

मुंगेली/नवप्रदेश। यूपीएससी एग्जाम में नगर के गोलबाजार के युवक अर्पण जैन ने 313 रैंक हासिल करने

के पश्चात प्रथम नगर आगमन 28 मई को हो रहा है। यूपीएससी में नगर के छात्र को सफ्लता मिलने के बाद हो रहे नगर आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही है। अर्पण जैन रायपुर से मुंगेली आयेंगे, जहां महाराणा प्रताप पड़ाव चौक में उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। वहां से रैली के रूप में नगर के गौरव को मां परमेश्वरी बालानी चौक होते हुए परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड से जैन मंदिर के दर्शन के पश्चात महावीर चौक गोल बाजार आयेंगे।

डौरा, नीलकंठपुर, करमडीहा एवं महावीरगंज में किया गया शिविर का आयोजन

सुशासन तिहार: बलरामपुर जिले में समाधान शिविरों का सफल आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डौरा, कुसमी के नीलकंठपुर, रामचन्द्रपुर के महावीरगंज एवं वाड्रफनगर के करमडीहा ब में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलस्टर नीलकंठपुर में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा एवं कलस्टर करमडीहा ब में प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते तथा डौरा व महावीरगंज में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समाधान शिविरों में अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण के संबंध मे जानकारी दी।

इसके साथ ही शिविर स्थल पर ही पंजीयन काउंटर के माध्यम से नए आवेदन लिए गए। शिविर में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जहां ग्रामीणों के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर विभागीय योजनाओं जानकारी ली गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों में अतिथियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से आप लोगों के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों

के त्वरित समाधान के लिए च्सुशासन तिहारज् का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में जिले के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। आम नागरिकों एवं ग्रामीणों के मांग, शिकायत एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को अधिकाधिक भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने तथा अपनी समस्याओं से अवगत कराने का अच्छा अवसर है, इसके लिए सभी शिविर का लाभ अवश्य लें। इसके साथ ही शिविर स्थल पर पंजीयन काउंटर में नए आवेदन लिए जा रहे हैं, जिनका शीघ्र निराकरण किया जायेगा।

शिविर में हितग्राहियों को मिला लाभ

कलस्टर डौरा अन्तर्गत मांग एवं शिकायत के 1593 प्राप्त हुए थे। जिसमें से 1589 आवेदनों का निराकरण कर उपस्थित ग्रामीणों को निराकरण की जानकारी दी गई। इसी प्रकार कलस्टर करमडीहा ब में 800 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से लगभग 578 आवेदनों का निराकरण किया गया। नीलकंठपुर में 12756 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 12735 आवेदनों का निराकरण किया गया तथा कलस्टर महावीरगंज के अंतर्गत 3497 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 3441 आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी, लखपति कार्ड, किसान कार्ड, राशनकार्ड, बीज वितरण, आयुष्मान कार्ड, मिनी कीट, टीबी मरीजों को पोषण कीट, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिका, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

जिला अस्पताल के कक्ष 6 में दी जा रही परामर्श एवं जांच सुविधा

फाइलेरिया और हाइड्रोसील मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत फ़ाइलेरिया बीमारी अंतर्गत हाथीपॉव व हाइड्रोसील के मरीजों का उपचार सुविधा भी जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 31 हाथीपाँव रोग के मरीज है जिनको प्रत्येक वर्ष फ़ाइलेरिया रोग प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में फ़ाइलेरिया क्लिनिक शुरू की गयी है व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी की जाएगी जहाँ पर प्रत्येक सोमवार को मरीजों को उपचार व सलाह का लाभ मिलेगा।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया है कि हाइड्रोसील



बीमारी के जिले में 24 मरीज थे जिनकी सूची विभाग के पास है उनका भी ऑपरेशन जिला अस्पताल में डॉ. रमेश रवि, शल्य विशेषज्ञ द्वारा किया जा रहा है। अभी जिला अस्पताल में 08 मरीजो का ऑपरेशन डॉ. रमेश रवि द्वारा किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया की हाइड्रोसील बीमारी से ग्रसित कई लोग आमतौर पर इस बीमारी को नजरअंदाज कर देते हैं, यह बीमारी पुरुषो में होने वाली एक ऐसी स्थति है जिसमे अंडकोष (स्क्रोटम) में तरल पदार्थ जमा हो जाता है, जिससे सुजन, दर्द बनी रहती है, जबकि इसका इलाज संभव है यह रोग मुख्यतः फाइलेरिया संक्रमण के कारण होता है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। अधिकांश मामलो में हाइड्रोसील का ऑपरेशन ही एकमात्र स्थाई समाधान है, सही समय पर इलाज नहीं होने पर यह समस्या गंभीर रूप से बढ़ सकती है। डॉ. सिंह ने कहा ऑपरेशन एक सरल प्रक्रिया है जिसमे ऑपरेशन पूर्व मरीज के कुछ जांच किये जाते है, ऑपरेशन बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने बताया बीच में जिला अस्पताल में शल्य विशेषज्ञ नहीं होने के कारण परेशानी हुई थी अब डॉ. रमेश रवि जिला अस्पताल में उपलब्ध है व कक्ष क्र 06 में ओपीडी में सेवा देते हैं।
डॉ. सिह ने कहा कि विभाग ने हाइड्रोसील रोग से पीड़ित मरीजों के ऑपरेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए गए है इस हेतु जिला स्तर पर फाइलेरिया एक्शन प्लान भी बनाया गया है। सभी विकास खंडों को हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन का बैकलॉग माह जून तक पूरी तरह समाप्त करने निर्देश दिए गए है।

ऑनलाइन-ऑफलाइन सट्टेबाज़ी का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। ऑफ्लाईन-ऑनलाईन आईपीएल सटोरियां के ऊपर पुलिस का बड़ा प्रहार। आरोपी मुकेश देवांगन को आईपीएल सट्टा खेलाते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपी मुकेश देवांगन के कब्जे से 52,240 रुपए, 08 पेज कागज में लिखा आईपीएल सट्टा-पट्टी, 01 सोनी कंपनी का टी.वी. व सेटप बाक्स कीमती 25,000 रूप्ये, 05 नग मोबाइल एवं एक इस्तेमाली पेन को जब्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन पर आपरेशन बाज के दौरान आईपीएल सटोरियों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। असामाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्ध ऑपरेशन बाज अभियान चलायी जाकर समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को कड़ी कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली मयंक तिवारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 25 मई को मुखबीर से सूचना मिला कि काली माई वार्ड मुंगेली में राजू श्रीवास के मकान में आरोपी मुकेश देवांगन आईपीएल क्रिकेट में हर बाल पर चौका छक्का मारने पर हार जीत का दांव लगाकर सट्टा खेला रहा है। मुखबीर की सूचना के आधार पर गवाहों के रवाना होकर मुखबीर के बताये स्थान काली माई वार्ड राजू श्रीवास के मकान में रेड कार्यवाही किया तो एक कमरे के अंदर मुकेश देवांगन पिता शत्रुहन प्रसाद देवांगन उम्र 34 वर्ष निवासी मोहम्मद बसीर खान वार्ड थाना सिटी कोतवाली का आईपीएल की क्रिकेट टीम कोलकाता नाईट राईडर्स एवं सन राईस हैदराबाद के चल रहे क्रिकेट मैच में हार जीत को लेकर टीवी पर अपने मोबाईल के माध्यम से ऑफ्लाईन सट्टा खेला रहा था।

नौतपा में झमाझम बारिश से गर्मी से राहत, तापमान में आई गिरावट

मुंगेली/नवप्रदेश। नवतपा लगने के साथ ही क्षेत्र में मौसम में पिछले दो-तीन दिनों से उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

रविवार को सुबह मौसम ने करवट ली और 9 बजे से 10 बजे तक बारिश हुई। वही दूसरे दिन आज सोमवार को भी मौसम ने अपना असर दिखाया और दोपहर 1.30 बजे से 3 बजे तक झमाझम बारिश होते रही। बारिश होने से नवतपा का असर पता ही नही चल रहा है, नवतपा में तापमान बढ़ने के बजाये बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट आई है। वट सावित्री पर्व में बारिश होने से व्रती महिलाओं को राहत रहा।

क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बदली पानी का मौसम बना हुआ है। रविवार को सुबह अचानक एक घंटे तक बारिश हुई। दिन भर बदली छाई रही। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। वही दूसरे दिन सोमवार को भी सुबह से बदली छाई रही। दोपहर में तेज धूप के बाद एक घंटे तक झमाझम बारिश होते रही। नवतपा में तापमान में गिरावट आने से गर्मी से जरूर राहत मिली। अचानक हुई बारिश से लोग परेशान होते रहे। बारिश से बचने के लिए लोग इधर-उधर शरण लिए। शाम में अचानक मौसम बदलने और तेज हवा चलने से कई क्षेत्रों में बिजली की आंख-मिचौली चलते रही। इसका सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर हुआ। अंधेरा होने और तेज हवा चलने के कारण लोग जहां थे, वहीं रुक गए। बारिश से बचने के लिए लोग इधर-उधर शरण लेते रहे।

निधन दुलारी बाई तम्बोली

मुंगेली/नवप्रदेश। सरदार पटेल वार्ड निवासी दुलारी बाई तम्बोली उम्र 82 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया वे स्व. ओमकार प्रसाद तम्बोली की पत्नी थीं वे अपने पीछे नाती पोतो से भरा परिवार छोड गई वे प्रदीप तम्बोली, जगदीश तम्बोली एवं संजय तम्बोली कि माता थीं। उनका अंतिम संस्कार मारवाडी मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर स्वजातिय बंधुओ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिव महापुराण के लिए निर्माणाधीन पंडाल का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि उपज मण्डी परिसर में 3 जून से आयोजित शिव महापुराण कथा स्थल के निर्माणाधीन पण्डाल का निरीक्षण करने प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे।

कथा में देश के अनेक राज्यों, जिले से बापू के भक्तों का आगमन होगा। क्षेत्र के सभी श्रद्धालु शिव कथा श्रवण करेंगे। आदर्श कृषि उपज मंडी मैदान में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पार्वती पटेल एवं तहसीलदार कुनाल पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी एवं उनकी टीम ने निर्माणाधीन पण्डाल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा,

भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, लोकनाथ सिंह ठाकुर, मिथिलेश केशरवानी, निलेश केशरवानी आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुंगेली में होने जा रहे 811वीं कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सुकता व्याप्त है। लोगो में उत्साह है शिव महापुराण पूज्य गिरी बापू के मुखारविंद से सुनने को मिलेगा व आगमन को लेकर लगातार तैयारियां चल रही है कथा 03 जून से 11 जून तक चलेगी। कथा समय दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगी, आयोजक केसरवानी परिवार मुंगेली मोहडंडा वाले ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों को शिव महापुराण कथा सुनने हेतु आमंत्रित किया है।

मुंगेली में श्रद्धा और आस्था से मनाया गया वट सावित्री पर्व

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में हर्षोल्लास भरे वातावरण में मंगलवार को सुहागिनों का महापर्व वट सावित्री पर्व मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक विवाहिता महिलाओं ने धार्मिक विधि विधान के साथ वटवृक्ष की पूजा अर्चना की और अपने सुहाग के लंबी उम्र की कामना की। विवाहिता ने बताया कि वट वृक्ष की उम्र काफी लंबी होती है। इसलिए वट सावित्री पूजा में सुहागिन महिलाएं वटवृक्ष की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामनाएं करती है।

महिलाओं ने पहले वटवृक्ष की पूजा अर्चना की, कच्चे धागे से फेरे लगाते हुए

उससे गले मिलने के बाद बांस से बने पंखे को झेला। घरों में भी हुई पूजा-अर्चना महिलाओं ने अपने आंगन में वट वृक्ष से एक टहनी काटकर गमले में मिट्टी भरकर उसे गाड़ दिया और पूजा-अर्चना की। महिलाओं में वट वृक्ष के प्रति आस्था बड़ती ही जा रही है,आज से कुछ वर्षो पहले की बात करे तो कही कही यह देखने को मिलता था आज हर एक घर की महिलाए इस व्रत को बड़ी ही आस्था और विश्वास के साथ रखते है और अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ महिलाओं ने निराहार या फ्लाहार व्रत रखा।भुनेश्वरी साहू ने सावित्री-सत्यवान की कहानी सुनाई, ऐसी मान्यता है कि वट सावित्री के व्रत के दिन बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।इसी वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने मृत पति सत्यवान को दुबारा जीवित किया अमावस्या का विशेष संयोग इस वर्ष वट सावित्री पूजा में महिलाओं के अमावस्या और शनि जयंती का खास संयोग रहा। इसके अलावा आदित्य योग और दुरूधरा योग भी था। इस व्रत से पति की लंबी उम्र के साथ साथ धर्म के प्रति आस्था और विश्वास जागृत होता है,पति और पत्नी के बीच में मधुर संबंध भी बनता है।

आयोजन | **मुंगेली में संविधान बचाओ रैली का आयोजन, लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प**

गुरु रुद्रकुमार और देवेंद्र यादव ने किया संबोधन, संविधान के संरक्षण की उठी आवाज

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री गुरु रूद्र कुमार एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। कांग्रेस मुखिया मर्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गाँधी द्वारा चलाये जा रहे सविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार साझा किये। दोनों नेताओं ने अपने ओजस्वी संबोधन में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान पर हो रहे हमलों के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। पूर्व केबिनेट मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि संविधान की आत्मा में ही भारत की विविधता, एकता और न्याय की भावना बसती है। इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को उन युवाओं की जरूरत है जो संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए मैदान में उतरें। देवेंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाये गए सविधान मे आज छेड़ छाड़ कि जा रही है,, जो बर्दास्त नहीं किया जायेगा। बाबा साहब के बनाये गए सविधान मे सभी को समानता का अधिकार दिया। सभी को मतधिकार का अधिकार दिया। आज उससे झेड़छाड़ की जा रही है। पूर्व

विधानसभा प्रत्याशी संजीत बनर्जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की दूर दर्शिता का परिणाम है कि आज कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता एक जुट होकर इस लड़ाई को लड़ रहे है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि यह केवल एक सभा नहीं बल्कि संविधान की रक्षा हेतु जन-जागरण की शुरुआत है। आज संविधान के साथ जो छेड़छाड की जा रही है। संवैधानिक संस्थाओं का जिस तरह से सरकार दुरूपयोग कर रही है। जो भी उनके विरोध में बोलता है। उसे किसी न किसी प्रकार प्रताडित करने का कार्य किया जा रहा है। वो अशोभनीय है। हमारे नेता राहुल गांधी दुर दर्शिता का ही परिणाम है कि आज सरकार को जाति जनगणना कराने का निर्णय लेना पडा। हमारे नेता ने जो संविधान बचाओं का बीडा उठाया है हम सब उनके साथ है। थानेवर साहू ने कहा कि सविधान बचाओ रैली का जिला स्तरीय कार्यक्रम किया जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ सभी कांग्रेसी एकजुट होकर लड़ेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कार्यक्रम मे पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई 3 मशीनें और 9 वाहन जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। राजस्व, माइनिंग, पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 3 चेन माउंटेन मशीन, 7 हाइवा तथा 2 ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई की गई। जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार ग्राम बासीन, सल्फा और मदकू के रेत घाट में अवैध रूप से किए जा रहे रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई की गई है। जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा,

तहसीलदार अतुल वैष्णव के नेतृत्व में राजस्व, माइनिंग, पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 03 चेन माउंटेन मशीन, 07 हाइवा तथा 02 ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त मशीन व गाड़ियों को जब्त सरगांव थाने में अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। वाहन मालिकों के विरूद्ध माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

स्कूलों में समर कैंप से ड्राइंग, पेंटिंग सहित अन्य कलाओं में निखर रही प्रतिभा

ग्रीष्मकालीन कैंप में शासन के निर्देशानुसार दिया जा रहा प्रशिक्षण, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के सभी सरकारी स्कूलों में इन दिनों समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। दस दिवसीय इस समर कैंप में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को कई शैक्षणिक, मनोरंजक गतिविधियां कराई जा रही है।

सरकारी स्कूलों में आयोजित यह समर कैंप भीषण गर्मी को देखते हुए देर से शुरु किया गया है, जिससे प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक समर कैंप में शासन के निर्देशानुसार शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को विविधि गतिविधि कराई जा रही है। पीएम श्री स्कूल सरकंडा की शिक्षिका गायत्री तिवारी ने बताया कि समर कैंप में डेढ़ सौ विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। विद्यार्थियों की संख्या कम है, क्योंकि शासन द्वारा समर कैंप से संबंधित निर्देश देरी से आए जिस वजह से अधिकांश विद्यार्थी कैंप का लाभ इस बार नहीं ले पा रहे हैं, जो विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं उनमें उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिदिन ट्रेन शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मनोरंजन सहित विद्यार्थियों के बौद्धिक व सर्वांगिण विकास को ध्यान में रखते हुए गतिविधियां कराई जा रही हैं। गणित विषय को लेकर विद्यार्थियों में जो डर की स्थिति रहती है उसे दूर करने के लिए कैंप के माध्यम से आसान तरीके से सवालों को हल करने के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर कैसे उपयोगी चीजें बनती है इस पर कैंप में विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही कम्प्यूटर प्रशिक्षण, डांस, संगीत, ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास के बारे में विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है। दस दिवसीय इस समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यार्थी जो भी सीखेंगे उसकी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। डांस और म्यूजिक का प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी कैंप के अंतिम दिन मंच में इसका प्रदर्शन करेंगे।

कैंप से बढ़ रहा बेहतर संवाद और आपसी तालमेल

देवरीखुर्द स्थित शासकीय उमा शाला की शिक्षिका साधना प्रधान ने बताया कि समर कैंप को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। गर्मी को देखते हुए शासन द्वारा समर कैंप की अनुमति देरी से मिलने की वजह से इसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है। ग्रीष्मकालीन इस कैंप में विद्यार्थियों को रोजाना विविध गतिविधि कराई जा रही है। शैक्षणिक सत्र के दौरान बहुत सारी गतिविधि समय की कमी की वजह से नहीं हो पाती है। इस शिविर में विद्यार्थियों को बहुत सी कला सीखने को मिल रहा है। विद्यार्थियों के इच्छा। और कला को लेकर उनकी रुचि को परख रहे हैं, जिससे आने वाले समय में इस कला को और भी अच्छे से निखारा जा सके। इस कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के मध्य बेहतर संवाद से आपसी तालमेल और समझ बढ़ रही है। आने वाले वर्ष में समर कैंप को लेकर और भी बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा।

हिन्दी भाषा में विशेष ध्यान

जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि मिनीमाता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मस्तूरी में भारतीय भाषा हिन्दी को लेकर सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस दौरान विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा का महत्व बताया जा रहा है और सामान्य बोलचाल की भाषा में हिन्दी में होने वाली गलतियों से उपस्थित विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

कपटी वेशधारी सज्जन ही व्यक्तियों को ठगते हैं: शास्त्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाला दिघावन में सत्संग, सेवा, सुमिरन और मानस यात्रा के आगमन पर आयोजक मुकेश स्वामिया और उनके परिजनों ने विद्वानों और अतिथियों का चंदन, पुष्प और भेंट देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कैलाश शास्त्री ने विधि- विधान से मानस ग्रंथ का पूजन किया। स्थानीय भजन मंडल ने हरि कीर्तन और हनुमान चालीसा का मंगलमय गायन किया। सत्संग सभा में धर्माधिकारी राजेंद्र शास्त्री ने मानस के प्रसंग में कपट मुनि द्वारा धर्मात्मा राजा प्रताप भानु से किए गए छल की कथा को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह कथा आज के समय में विवेक उत्पन्न करती है। हमें भेषधारी ढोंगी, पाखंडी और अंधवि श्वास फैलाने वालों से सावधान रहना चाहिए। कपटी लोग सज्जन और सरल जनों को अपने व्यवहार से धर्म भ्रष्ट कर रहे हैं। लक्ष्मण पचौरी ने कहा कि मानस ग्रंथ सच्चा धर्ममय विवेक देता है। मानस चिंतक यशवंत दद्दूभैया ने कहा कि बैराग्यवान संत ही विवेक प्रदान करते हैं। सभा में सुदामा प्रसाद शास्त्री, परमानंद मिश्रा, प्रेम नारायण शास्त्री, ओम प्रकाश, कंछेदी लाल और बेनी मुकदम ने भी अपने सारगर्भित विचार रखे।

सौगातों भरा रहा सेंदरी समाधान शिविर, जनप्रतिनिधि और कलेक्टर हुए शामिल

विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राही हुए लाभान्वित, 8959 आवेदनों का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तहत आज बिल्हा ब्लॉक के सेंदरी में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, सरपंच राजेश ध्रुव, मनीष कौशिक, अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साह से शामिल हुए।

शिविर में सुशासन तिहार के तहत 8982 आवेदन मिले थे जिनमें से 8959 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शिविर में 13 ग्राम पंचायतों सेंदरी, सेमरताल, जलसो, भरारी, पेन्डरवा, नवगंवा, गतौरी, गोंदईया, लोफंदी, कछार, रमतला, बैमा एवं नगोई के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आपके द्वारा दिए गए आवेदनों पर का त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है। पहले चरण में जिन्होंने अपनी मांग और शिकायत के संबंध में आवेनद नहीं दिया हो वे शिविर में मौके पर ही आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने जल संरक्षण और गांवों में हरियाली के लिए बढ़-चढ़कर पौध रोपण करने की अपील की। शिविर में सीईओ जिला पंचायत द्वारा आवेदनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन वासुदेव पाण्डेय द्वारा किया गया। समाधान शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। शिविर में कृषि विभाग, मछली पालन विभाग, श्रम विभाग, पंचायत विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित कर योजनाओं की जानकारी दी गई।

हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित

शिविर में श्रम विभाग द्वारा सेंदरी निवासी आंचल विजय एवं लोफंदी निवासी देवानंद देवांगन को श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। सेमरताल निवासी लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, आशा सूर्यवंशी, सरिता सूर्यवंशी एवं जलसो निवासी पलक वर्मा, सबल सिंह गोंड, दिलीप कुमार यादव एवं रानी वर्मा को राशन कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में गोंदईया निवासी दशरथ केंवट, समारू केंवट एवं रमतला निवासी प्रहलाद साहू को मछली जाल एवं 12 लिटर मछली चारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मानसून से पहले रेल मंडल पहाड़ों पर चट्टानें रोकने लगा रहे लोहे के कवच

बिलासपुर/नवप्रदेश। मानसून के आगमन से पहले रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। खासकर जंगलों और पहाड़ों से गुजरने वाले रेलमार्गों पर खतरे को देखते हुए रेलवे ने चट्टानों और मिट्टी के खिसकने की आशंका को रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। छत्तीसगढ़ का बिलासपुर रेल मंडल देश के प्रमुख रेल मार्गों में से एक है, जहां से होकर कई अहम ट्रेनें गुजरती हैं। इस मंडल के कई सेक्शन घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच से होकर निकलते हैं, जहां बारिश के दौरान भूस्खलन और चट्टानें गिरने का खतरा बना रहता है। रेलवे ने इन जोखिमों से निपटने के लिए पहाड़ियों के किनारे मजबूत लोहे की जालियां लगाई हैं। ये जालियां मिट्टी और चट्टानों को ट्रैक पर गिरने से रोकने का काम करेंगी। इससे पहले कटनी रेलखंड जैसे इलाकों में यह प्रयोग सफल साबित हो चुका है, और अब बिलासपुर मंडल में भी इसे बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है।संवेदनशील सेक्शनों में 24 घंटे का निगरानी तंत्र सक्रिय कर दिया गया है। ट्रैक के हर हिस्से पर नजर रखने के लिए गश्ती दल तैनात किए गए हैं, जो किसी भी असामान्य गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देंगे। मानसून पेट्रोलिंग को इस बार और अधिक सशक्त किया गया है। नदियों, नालों या जलभराव संभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

सीयू और एएमईटी चेन्नई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय और अकेदमी ऑफ मेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के मध्य 26 मई को समझौता ज्ञापन हुआ। प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में मध्याह्न 12 बजे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे तथा इस अवसर पर अकादमी ऑफ मेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रोफेसर वी. राजेन्द्रन उपस्थित रहे।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान, शिक्षक और छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, पाठ्यक्रम विकास, प्रशिक्षण और शैक्षणिक आउटरीच जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह समझौता ज्ञापन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें शोध, अनुसंधान और नवाचार के साथ समावेशिता तथा उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। अकादमी ऑफ मेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रो. वी. राजेन्द्रन ने कहा कि यह साझेदारी दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बहुविषयक सहयोग के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक सेतु की तरह काम करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों संस्थानों की उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय व वैश्विक शैक्षणिक प्रगति में सार्थक योगदान देने की साझा दृष्टि को दर्शाती है।

समझौता से परस्पर सहयोग बढ़ेगा

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त परियोजनाओं, शैक्षणिक गतिशीलता, सेमिनार और कार्यशालाओं में परस्पर सहयोग मिलेगा। इससे पूर्व अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. शरद चंद्र श्रीवास्तव ने दिया। शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न से अतिथियों को सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अन्बूदयाशंकर ने तथा संचालन डॉ. गणेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनदर्शन और टीएल अब मंगलवार को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बिलासपुर की साप्ताहिक जनदर्शन और टीएल बैठक अब मंगलवार को होगी। इसके पहले ये सोमवार को होती थी। मंगलवार को सवेरे 11 बजे मंथन सभाकक्ष में टीएल बैठक और दोपहर 1 बजे से जनदर्शन लगेगी। कलेक्टर ने कहा कि इसके पूर्व हर सोमवार को निगम के सभी जोन कमिश्नर और एसडीएम अपने कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे ताकि दूर से लोगों को छोटी मोटी कामों के लिए जिला कार्यालय आना न पड़े।

---

210 लीटर महुआ शराब सहित 4 महिला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर /नवप्रदेश। नगर पालिका बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 वर्मा मोहल्ला एवं वार्ड क्रमांक 5 अचानकपुर चकरभाठा से अवैध रूप से बिक्री करने रखे 210 लीटर महुआ शराब सहित 4 महिला आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं लगभग 2000 किलो महुआ लहान को बरामद कर नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर के समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध शख्त कार्यवाही करने के दिये गये निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एसीसीयू एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चकरभाठा उत्तम साहू द्वारा थाना स्तर पर ठीम बनाकर सूचना एकत्रित कर 26 मई को मुखबीरी सूचना के आधार पर वर्मा मोहल्ला वार्ड कमांक 09 एवं वार्ड क्रमांक 05 अचानकपुर पहूच कर 04 अलग अलग स्थानों पर घेरा बंदी कर शराब रेड कार्यवाही किया गया पहले स्थान पर लक्ष्मी बाई वर्मा अपने घर में उपस्थित मिली जिसके घर के आंगन को चेक करने पर 03 नग पीला रंग के 15-15 लीटर वाले प्लास्टिक जेरीकेन में भरा कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 9000 रूपये मिला एवं दुसरे स्थान पर रानी वर्मा अपने घर में उपस्थित मिली जिसके घर के आंगन को चेक करने पर 04 नग पीला रंग के 15-15 लीटर वाले प्लास्टिक जेरीकेन में भरा कुल 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 12000 रूपये मिला। तीसरे स्थान पर अमचूरी भाई सौरा अपने घर में उपस्थित मिली।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स में कमल सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीस के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया।जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को चेम्बर में संरक्षक, चेयरमेन, वाइस चेयरमेन, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमुख सलाहकार के पद में मनोनयन किया है।इस मनोनयन में सूची में पांच दशक के बाद चैम्बर के पचास वर्षों के इतिहास में पहली बार बिलासपुर से कार्यकारी अध्यक्ष का पद एवं संगठन- संविधान संशोधन- समन्वयक की ज़िम्मेदारी के साथ कार्यकारी अध्यक्ष का पद दिया गया। सराफा संघ बिलासपुर और प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश चुनाव के समय चुनावी विसंगतियों को लेकर एक लंबी लड़ाई खुलकर लड़ी थी।जिसमें उन्होंने एक जिले के विशेषाधिकार और प्रदेश के व्यापारियों को उचित स्थान मिले इसके लिए आवाज उठाई थी।संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, खूबचंद पारख, सरदार बलदेव सिंग भाटिया, शिवराज भंसाली, यू. एन. अग्रवाल, मगन भाई, पटेल,चतुर्भुज अग्रवाल, इंडस्ट्रीज चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल,वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी। कार्यकारी अध्यक्ष- राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी,ललित जैसिंग,विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, कमल सोनी, जसप्रीत सलूजा।प्रमुख सलाहकार- त्रिलोकचंद बरड़ीया, सरल मोदी,लाभचंद बाफना, छगन मुंदड़ा,संजय रुंगटा, अरविन्द जैन,राजेन्द्र शर्मा, लखमशी पटेल, किशोर आहुजा, सुशील अग्रवाल, मोहनलाल तेजवानी, अशोक मलानी, अमर गिदवानी, जयंती भाई पटेल, चंदर विधानी, विजय मुकीम, गुरजीत सिंह संधु, विनोद तलरेजा, दीपक रहेजा।

पांच दशकों के बाद कार्यकारिणी में बिलासपुर शामिल

मूंग खरीदी की तारीख तय नहीं, किसान परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर चिंता जताई। बताया कि हर साल की तरह इस बार भी अब तक गिरदावली नहीं हुई। शासन या प्रशासन की ओर से खरीदी को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई। तारीख तय नहीं हुई। इससे किसान परेशान हैं। उनमें आक्रोश बढ़ रहा है। आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में ठाकुर वीरेंद्र सिंह, संतोष रघुवंशी, प्रताप सिंह लोधी, परसोत्तम रघुवंशी, महिपाल गंगोलिया, गरुड़ रघुवंशी, धनराज लोधी, नरेंद्र लोधी, बबलू रघु, बुधनवाडा शामिल थे।

निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक

नवीन क्षेत्र चिन्हांकन कर 15 रेत खदानों का जांच प्रतिवेदन देने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक का आयोजन मंथन सभाकक्ष में किया गया। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर,उप वनमण्डलाधिकारी, उप संचालक (ख. प्रशा.) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलासपुर/ बिल्हा/ मस्तूरी, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, जिला परिवहन अधिकारी बिलापसुर, कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन / ग्रा.यां.से. संभाग / पीएमजेएसवाई / एमएमजेएसवाई बिलासपुर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

उप संचालक खनिज प्रशासन बिलासपुर द्वारा बैठक में वर्ष 2024-25 में अवैध खनिज परिवहन के 629 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 85 तथा अवैध खनिज भण्डारण के 15 कुल 729 प्रकरण दर्ज किये जाने की जानकारी दी गई। जिसमें से 718 प्रकरणों का निराकरण कर अर्थदण्ड की राशि रू. 1 करोड़ 99 लाख 65 हजार आरोपित कर खनिज मद में जमा कराया गया है तथा शेष 11 प्रकरण में से 10 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिले में नवीन क्षेत्र चिन्हांकन कर कुल 15 रेत खदानों का जांच प्रतिवेदन अतिशीघ्र उपलब्ध कराने राजस्व विभाग, वन विभाग को निर्देशित किया गया तथा क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर को खदानों में पर्यावरण स्वीकृति अतिशीघ्र जारी करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा बिलासपुर जिले में अधिक से अधिक रेत खदान स्वीकृत किये जाने नवीन क्षेत्र का चिन्हांकन करने तथा ऑक्सन के माध्यम से स्वीकृति की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

तहसीलदारों को निर्देश

उपरोक्तानुसार कार्यवाही में राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा दर्ज किये गये प्रकरणों का भी ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को अपने अपने नियमों के परिप्रेक्ष्य में अधिक से अधिक कार्रवाई कर की गई कार्यवाही की सूचना प्रति माह खनिज विभाग को देने का निर्देश दिया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु तहसीलदारों को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247(7) के तहत सीधे प्रकरण दर्ज करने निर्देशित किया गया तथा वन विभाग के अधिकारियों को भी वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई जैसे वाहन राजसात करने के निर्देश दिये गये।

न्यूज गैलरी

निर्यात से जुड़े नए दिशा-निर्देश किए गए जारी, वाणिज्य मंत्रालय ने बताया एक जून से होंगे लागू

नई दिल्ली। भारत सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण (एए) धारकों, निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में काम करने वाली इकाइयों की ओर से किए गए निर्यात के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लाभ बहाल करने की घोषणा की है। ये लाभ 1 जून 2025 से किए जाने वाले सभी पात्र निर्यातों पर लागू होंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

एमएसएमई में मझोले उद्योग पिछड़े सिर्फ 0.3 फीसदी का योगदान

नई दिल्ली। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की जीडीपी और रोजगार में अहम भूमिका निभाने वाले मझोले उद्योग संरचनात्मक विषमताओं से जूझ रहे हैं। इसके लिए योजनाओं की जानकारी की कमी, फंडिंग और तकनीक जैसी 7 बड़ी चुनौतियों को दूर करना जरूरी। देश की जीडीपी में करीब 29 फीसदी, निर्यात में 40 फीसदी और रोजगार में 60 फीसदी से अधिक योगदान देने वाला सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र संरचनात्मक विषमताओं से जूझ रहा है। पंजीकृत एमएसएमई में सूक्ष्म उद्यमों की सबसे ज्यादा 97 फीसदी और लघु उद्यमों की 2.7 फीसदी हिस्सेदारी है।?एमएसएमई के कुल निर्यात में 40 फीसदी का योगदान देने वाले मझोले उद्यमों का हिस्सा महज 0.3 फीसदी है, जो स्पष्ट रूप से संरचनात्मक विषमता का संकेत है। नीति आयोग ने सोमवार को 'मझोले उद्यमों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा, देश का विकास इंजन बनने के लिए?मझोले उद्यमों को सात चुनौतियां पार करनी होंगी। ये चुनौतियां हैं...सरकारी योजनाओं के बारे में कम जानकारी, प्रोद्योगिकी अपग्रेडेशन की कमी, कुशल श्रमबल का अभाव, अनुपालन, नवाचार में बाधा, फंडिंग और जमीन-बुनियादी ढांचा। रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करते हुए उनकी पूरी क्षमता उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया गया है।

अगले 5 वर्षों में 45 अरब डॉलर का होगा खनन, बायजू की मुश्किलें बढ़ीं

बिजनेस डेस्क। देश के खनन और निर्माण उपकरण क्षेत्र के अगले पांच वर्षों में बढ़कर 45 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ एवं किर्नी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में 16 अरब डॉलर मूल्य वाले खनन एवं निर्माण उपकरण (एमसीई) क्षेत्र के 2030 तक यानी पांच वर्षों में 19 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में एमसीई क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए एक विजन-2030 प्रस्तुत किया गया है।?इसमें आगे कहा गया है, भारत शीर्ष-6 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एमसीई बाजार है। साथ ही, यह अमेरिका, जर्मनी व जापान से भी आगे निकल गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और औद्योगिक विकास के प्रमुख प्रवर्तक खनन एवं निर्माण क्षेत्र का वैश्विक बाजार 18 लाख करोड़ डॉलर है। यह वैश्विक जीडीपी में 16 फीसदी का योगदान देता है। भारत में यह क्षेत्र जीडीपी में 22 फीसदी का योगदान देता है, जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है।?खास बात है कि देश का खनन एवं निर्माण?उपकरण क्षेत्र 7 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया कराता है। बायजू के पढ़ाने-सिखाने वाले एप को बकाया भुगतान न करने की वजह से गूगल प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया, बायजू की आपूर्तिकर्ता अमेजन वेब सर्विसेज को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने से यह कदम उठाया गया है। बायजू ब्रांड के तहत संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न के कुछ अन्य एप अब भी प्लेस्टोर पर काम कर रहे हैं। थिंक एंड लर्न के दिवालिया समाधान पेशेवर शैलेंद्र अजमेरा ने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया। देश का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार मार्च, 2025 तिमाही में 8.1 फीसदी बढ़कर 33 लाख इकाई पहुंच गया। रिपब्लिक डे सेल और सभी बिक्री चैनलों में भारी शिपमेंट के कारण पीसी की बिक्री में तेजी आई है। एचपी 29.1 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ इस क्षेत्र में एक बार फिर सबसे आगे है।

चालू वित्त वर्ष में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद

चमड़ा निर्यात के लिए केंद्र ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पहल को दिया बढ़ावा

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने वैल्यू-एडेड चमड़ा उत्पादों के निर्यात पर लागू प्रमुख प्रतिबंधों को हटाने के लिए एक अधिसूचना जारी की। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से अनुपालन बोझ कम होने और निर्यातकों के लिए कारोबार सुगमता में सुधार होने की उम्मीद है। मंत्रालय की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, बंदरगाह प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, जिससे किसी भी बंदरगाह या इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) से तैयार चमड़ा, गीला नीला चमड़ा, और ईआई टेंडेड चमड़ा निर्यात करने की अनुमति मिल गई है। पहले, ये निर्यात विशिष्ट अधिसूचित बंदरगाहों तक ही सीमित थे। तैयार चमड़ा, गीला नीला चमड़ा, क्रस्ट चमड़ा और ईआई टैन्ड चमड़ा के निर्यात के लिए केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) के परीक्षण और प्रमाणन की अनिवार्य आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया गया है। इन प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को मूल रूप से वैल्यू-एडेड चमड़ा उत्पादों के निर्यात की निगरानी करने और उन्हें कच्चे चमड़े और शुल्क योग्य वस्तुओं से अलग करने के लिए स्थापित किया गया था। हालांकि, मंत्रालय ने कहा कि ऐसे चमड़े की श्रेणियों पर निर्यात कर समाप्त होने और प्रोसेस्ड तथा कच्चे चमड़े के बीच स्पष्ट भौतिक अंतर के कारण, मौजूदा जांचों को अनावश्यक माना गया है। यह निर्णय चमड़ा निर्यात परिषद, चमड़ा निर्यातकों और सीएलआरआई सहित हितधारकों के साथ परामर्श के बाद लिया गया है। इससे निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, लेन-देन की लागत को कम करने और विशेष रूप से एमएसएमई निर्यातकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। ये सुधार सामान्य सीमा शुल्क प्रावधानों के तहत पारदर्शिता और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए वैश्विक चमड़ा मूल्य श्रृंखला में निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के भारत के प्रयासों का भी समर्थन करते हैं। भारत के चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर निर्यात में वित्त वर्ष 2025 में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो 5.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। फुटवियर निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सीएलई ने बताया कि विकसित और विकासशील दोनों देशों से मांग मजबूत बनी हुई है, जो प्रभावशाली वृद्धि में योगदान दे रही है।

कारोबार में पेनी स्टॉक 4.2 प्रतिशत तक बढ़कर 4.19 रुपए के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंचा

50 पैसे के इस शेयर ने किया कमाल निवेशकों को दिया 715 फीसदी का मुनाफा

नई दिल्ली। नंदन डेनिम्स लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान निवेशकों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। कंपनी ने मार्च 2025 (त्तब्स्नङ्क25) तिमाही के लिए मजबूत रेवेन्यू ग्रोथ दर्ज की, जिसके चलते इंट्रा-डे ट्रेडिंग में शेयर 4 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए। दोपहर 1 बजे के करीब कंपनी का शेयर बीएसई पर 1.74त्न की तेजी के साथ 4.09 रुपए पर कारोबार कर रहा था।

सोमवार के कारोबार में यह पेनी स्टॉक 4.2 प्रतिशत तक बढ़कर 4.19 रुपए के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इस तेजी के बावजूद यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 7.33 रुपए से 43 प्रतिशत नीचे है, जो इसने सितंबर 2024 में छुआ था। शेयर ने मार्च 2025 में 2.96 रुपए का 52-सप्ताह का निचला स्तर भी देखा था। मई 2020 में शेयर की कीमत महज 50 पैसे थी। पिछले एक साल में इस शेयर ने 5 प्रतिशत का मामूली रिटर्न दिया है। दो साल में शेयर में 92 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि पांच साल में इसने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है, जो 755 प्रतिशत तक बढ़ गया है और निवेशकों के लिए एक शानदार निवेश साबित हुआ है। मई में अब तक शेयर में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि अप्रैल में 3.7 प्रतिशत और मार्च में 11.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। इस तेजी से पहले, शेयर दबाव में था और अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक लगातार पांच महीनों तक इसमें गिरावट आई थी।

मार्च 2025 तिमाही के लिए कंपनी की बिक्री में 81 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले साल की समान तिमाही के 579.12 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 1,048.65 करोड़ रुपए हो गई। यह मजबूत वृद्धि कंपनी की बढ़ती बाजार उपस्थिति और भारत तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके डेनिम उत्पादों की मजबूत मांग को दर्शाती है।

हालांकि, पिछली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले साल की इसी अवधि के 27.11 करोड़ रुपए से 60.79 प्रतिशत घटकर 10.63 करोड़ रुपए रह गया। उच्च राजस्व के बावजूद लाभ में यह गिरावट लागत दबाव में वृद्धि या उत्पाद मिश्रण में बदलाव का संकेत देती है, जिससे मार्जिन प्रभावित हुआ है। वार्षिक आधार पर भी, शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 25 में 25.50 प्रतिशत घटकर 33.48 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह 44.94 करोड़ रुपए था। फिर भी, मार्च 2025 में राजस्व में 76.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले साल के 2,010.09 करोड़ रुपए के मुकाबले 3,546.68 करोड़ रुपए हो गया। सितंबर 2024 में, नंदन डेनिम ने 10:1 के अनुपात में स्टॉक स्प्लिट की घोषणा की थी, जिससे स्टॉक खुदरा निवेशकों के लिए अधिक किफायती और सुलभ हो गया।

सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के मजबूत परिणाम घोषित किए

कंपनी के 48 करोड़ के राइट्स इश्यू ने इन परिणामों का समर्थन किया

नई दिल्ली। होम डेकोर और विभिन्न सुगंध उत्पादों के विनिर्माण से जुड़ी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 1.00 प्रति राइट्स इक्विटी शेयर के नकद मूल्य पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिससे कुल ?48 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना और इसके विस्तार के अगले चरण को समर्थन देना है। यह राइट्स इश्यू पात्र इक्विटी शेयरधारकों को 9 मई, 2025 की रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक 2 फुल्ली पैड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स इक्विटी शेयरों के रेशियों दिए जा रहे हैं। यह इश्यू 30 दिनों की अवधि के लिए खुला रहेगा, जो 28 मई, 2025 को शुरू होगा और 26 जून, 2026 को बंद होगा। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू की समापन तिथि को बढ़ाया नहीं जा सकता है।

सेबी के नियमों के अनुसार, सभी अधिकार और आवंटन प्रक्रिया केवल डीमैट रूप में ही की जाएगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार आंशिक, आंशिक अधिकारों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। हालांकि, पात्र शेयरधारक जिनके आंशिक अधिकारों की उपेक्षा की गई है, उन्हें उपलब्धता के अधीन, अपने अधिकारों से अधिक शेयरों के लिए आवेदन करने पर एक अतिरिक्त शेयर के आवंटन के लिए प्रेफरेंशियल विचार किया जा सकता है।

सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मीत टी. ब्रह्मभट्ट ने कहा कि ÷यह राइट्स इश्यू हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आय से हम परिचालन को बढ़ा सकेंगे, उत्पाद नवाचार को बढ़ा सकेंगे और बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। पिछले एक साल में हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मूल्य सृजन और दीर्घकालिक व्यावसायिक स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीमैट खातों में जमा राइट्स अधिकारों को स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म या ऑफ मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से आंशिक या पूर्ण रूप से समर्पित किया जा सकता है।

एयरटेल ने प्रीपेड यूज़र्स के लिए भारत का पहला ऑल-इन-वन ओटीटी एंटरटेनमेंट पैक किया लॉन्च

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया और अनोखा एंटरटेनमेंट पैक लॉन्च किया है। इस पैक के ज़रिए यूज़र्स को नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव सहित 25 से ज़्यादा टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस मिलेगा। भारत में एयरटेल इकलौती ऐसी टेलीकॉम कंपनी है जो इतना व्यापक ओटीटी एंटरटेनमेंट अनुभव दे रही है। यह सेवा रु279 की आकर्षक प्रारंभिक कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वैधता 1 महीने की होगी। इस पैक में कुल रु750 मूल्य तक की पॉपुलर स्ट्रीमिंग सेवाओं का एक्सेस मिलेगा। इसके साथ ही कंपनी ने ?598 की कीमत पर एक और प्रीपेड डेटा पैक भी पेश किया है जिसमें अनलिमिटेड 5त्न डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स और अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट एक्सेस भी शामिल है, जिससे यूज़र्स को बिना किसी रुकावट के मनोरंजन का लुत्फ़ मिलेगा।

ग्राहक अब नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव, लायंसगेटप्ले, एएचए, सन नेक्स्ट, होईचोई, इरोसनॉव और शेमारूमी जैसे प्रमुख ओटीटी प्लेटफार्मों से विभिन्न प्रकार के टीवी शो, ब्लॉकबस्टर फिल्में और डॉक्यूमेंट्रीज, अन्य के साथ, सभी एक ही पैक के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। इन विभिन्न ओटीटी सेवाओं को एक किफायती पैकेज में जोड़ कर, कंपनी अपने प्रीपेड उपयोगकर्ताओं की बदलती मनोरंजन प्राथमिकताओं को पूरा करना चाहती है। यह उन्हें व्यक्तिगत सदस्यता के प्रबंधन की जटिलताओं के बिना, उनके पसंदीदा शो, फिल्मों और ओरिजिनल कंटेंट सहित 16 से अधिक भाषाओं में अंतर्राष्ट्रीय, बॉलीवुड और रीजनल कंटेंट का सहजता से आनंद लेने की सुविधा प्रदान करता है।

राकेश गंगवाल और उनके परिवार ने इंडिगो में 5.7प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने मंगलवार को एयरलाइन में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिये करीब 11,385 करोड़ रुपये (1.33 अरब अमेरिकी डॉलर) में बेच दी। इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने मंगलवार को एयरलाइन में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिये करीब 11,385 करोड़ रुपये (1.33 अरब अमेरिकी डॉलर) में बेच दी। सूत्रों ने बताया कि गंगवाल के अलावा, चिन्करपू फैमिली ट्रस्ट, जिसके ट्रस्टी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं, ने भी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लेन-देन में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि निवेश बैंकिंग फर्म गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जेपी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए प्लेसमेंट एजेंट हैं। नवीनतम लेनदेन से पहले, गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में कुल मिलाकर लगभग 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पीटीआई की ओर से देखी गई टर्म शीट के अनुसार, नवीनतम ब्लॉक डील के तहत, 5,175 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर 2.2 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे गए। शेयरों की कुल संख्या प्रारंभिक 13.2 मिलियन शेयरों (1.32 करोड़ शेयर) से बढ़ाई गई है। जिनका मूल्य लगभग 803 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 6,831 करोड़ रुपये) था। यह उल्लेख पहले टर्म शीट में किया गया था।सोमवार को बंद भाव 5,420 रुपये प्रति शेयर की तुलना में फ्लोर प्राइस 4.5 प्रतिशत कम है। सूत्रों ने बताया कि 2.2 करोड़ शेयरों के बराबर कंपनी में करीब 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है और न्यूनतम मूल्य के आधार पर पेशकश का आकार करीब 1.33 अरब डॉलर या करीब 11,385 करोड़ रुपये है।बीएसई और एनएसई पर कई चरणों में की जाने वाली शेयर बिक्री पूरी तरह से गौण प्रकृति की है।

सूर्यकुमार यादव ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर बने नंबर 1 बल्लेबाज

जयपुर। पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 69वां मुकाबला खेला जा रहा है. इस मैच में मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने वो कर दिखाया जो टी20 क्रिकेट में अब तक कोई नहीं कर पाया है. पंजाब के खिलाफ तूफानी अर्धशतकीय पारी के साथ सूर्यकुमार यादव ने अपने नाम खास उपलब्धि दर्ज की है। इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. मुंबई इंडियंस पहले बल्लेबाजी करते हुए जब रयान रिकेल्टन 27 रनों के निजी स्कोर पर मार्को जानसेन की गेंद पर श्रेयस अय्यर को कैच थमा बैठे तब सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करने के लिए आए. उन्होंने तीसरे नंबर पर आकर अर्धशतकीय पारी खेली। इस पारी के साथ ही सूर्यकुमार यादव ने एक खास उपलब्धि अपने नाम हासिल कर ली है. सूर्या टी20 क्रिकेट इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्हें पंजाब के खिलाफ 39 बॉल में 6 चौके और 2 छक्कों के साथ 57 रनों की पारी खेलकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 25 या उससे ज्यादा लगातार रन बनाने के मामले में टॉप पर कब्जा कर लिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्या: DRM-ENGG-BSP-T-41-2025-26, दिनांक: 21.05.2025

कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग, इपॉक्सी मोर्टार, ब्लास्ट रिटेनर, निरीक्षण सीढ़ियां तथा टो वॉल आदि द्वारा मेजर एवं माइनॉर पुल का सुदृढ़ीकरण और पुलों में निरीक्षण सीढ़ियां, एवं ब्लास्ट रिटेनर, फ्लोरिंग, इपॉक्सी जैसे विविध कार्य सुधार।

निविदा मूल्य : ₹ 6,09,10,033.50/-। अमानत राशि : ₹ 4,54,600.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 09.06.2025 के 11:00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 23.06.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआरओ/10/75 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./335/न.पा.प./राजस्व/2025 — बेमेतरा, दिनांक 27/05/2025

-: दुकान नीलामी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्र./102/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 21.04.2025 के अनुसार पालिका बाजार शापिंग काम्पलेक्स एवं कार्यालयीन पत्र क्र./111/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 22.04.2025 के अनुसार मां भद्रकाली शापिंग काम्पलेक्स की नीलामी सूचना जारी किया गया था जिसे कार्यालयीन पत्र क्र./231/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 13.05.2025 द्वारा आगामी सूचना प्रकाशन तिथि तक अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया था।

जिसे दिनांक 06.06.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 02.00 बजे से नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

टीप :- इच्छुक बोलीकर्ता पालिका बाजार शापिंग काम्पलेक्स एवं मां भद्रकाली शापिंग काम्पलेक्स के आम नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक 05.06.2025 दिन गुरूवार को शाम 05.00 बजे तक अमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है तथा नियम, शर्तें एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग सूरजपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(निविदा निरस्तीकरण सूचना)

इस कार्यालय के eprocurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in में आनलाईन निविदा सिस्टम क्र. 165874 सूचना क्र. 19/वलेलि/2024-25 दिनांक 12.03.2025 (प्रथम आमंत्रण) द्वारा विज्ञापन क्र. जी. 242505985 के माध्यम से भेंडिया जलाशय योजना के जीर्णोद्वार कार्य के साथ बंड का मरम्मत, सीसी लाईनिंग कार्य, व्हीआरबी, क्रास ड्रेनेज और आउलेट का निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से एतद द्वारा निरस्त किया जाता है।

(चन्द्रभानु ध्रुव)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
सूरजपुर (छ.ग.)
कृते /- मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

जी-252601190/6

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास)
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं. 07752-225545, फैक्स नं. 07752-225545, Email-Id- actd.bilaspur@nic.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/32/निर्माण/2025-26/ 624 — बिलासपुर, दिनांक 23/05/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) बिलासपुर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'द' श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं संशोधित दिनांक 23.12.2022 तक लागू एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है। (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. ई-निविदा प्रारंभ तिथि - 26.05.2025
02. निविदा की अंतिम तिथि - 16.06.2025 (सायंकाल 5:30 बजे तक)
03. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से)- 16.06.2025
04. निविदा खोलने की तिथि - 17.06.2025 (दोपहर 2:00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम	विकास खण्ड	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)
1	अनु. जाति. आदर्श कन्या आश्रम देवरीखुर्द बिलासपुर में आर.सी.सी. स्लेब एवं अन्य कार्य	बिल्हा	30.00	30000
2	पो.मै.पी.जी. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खमतराई, जिला बिलासपुर में आर.सी.सी. स्लेब एवं अन्य कार्य	बिल्हा	39.98	40000
3	पो.मै. अनु. जाति बालक छात्रावास सीपतरोड बिलासपुर में भवन का जीणोद्वार कार्य	बिल्हा	20.00	20000
4	पो.मै. अनु. जाति कन्या छात्रावास मस्तूरी में भवन का जीर्णोद्वार कार्य	मस्तूरी	16.62	17000

निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

टीप :- निविदा मूल्य की राशि 750/- होगी तथा कार्यपूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित 6 माह होगी।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बिलासपुर

जी-252601176/3

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छ.ग.

ब्लाक-बी चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
फोन 0771-243301, फैक्स-0771-2433002
वेबसाइट http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi, ईमेल-dir.horti-cg@nic.in

क्र./उ./NMEO-OP/AD 25-26/1022 — नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.05.2025

प्रदेश में आयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन आन एडीबल आयल-आयल पाम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में आयल पाम रोपण हेतु इच्छुक कृषक अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला कार्यालय में पदस्थ उप/ सहायक संचालक उद्यान एवं संचालनालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आवेदन संबंधित जिला कार्यालयों में जमा किया जावेगा। आयल पाम रोपण के संबंध में विवरण निम्नानुसार है-

. रोपण की जाने वाली किस्म - टेनेरा
. रोपण हेतु प्रति हेक्टेयर पौधों की संख्या - 143 पौधे (9 x 9 x 9)
. रोपण के लिए प्रति हेक्टे. अनुमानित लागत - 3.90 से 4.00 लाख (फेसिंग, बोरवेल, पौध रोपण, रखरखाव, अंतरवर्तीय फसल आदि को सम्मिलित करते हुए)
. भारत सरकार से अनुदान - लगभग 1.00 लाख
. राज्य सरकार से अतिरिक्त अनुदान - लगभग 1.00 लाख
. अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि की व्यवस्था - आवश्यकता अनुसार बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है।
. प्रति हेक्टेयर अनुमानित उत्पादन - 15-20 टन
. प्रति हेक्टेयर अनुमानित आय - 2.50 लाख से 3.00 लाख प्रति वर्ष एवं पौधों से आय 25-30 वर्ष तक प्राप्त होगी।
. विपणन व्यवस्था - सुनिश्चित बाजार व्यवस्था उपलब्ध। अनुबंधित संस्थाओं द्वारा शतप्रतिशत उत्पादन का क्रय।
. रोपण हेतु चयनित जिले - जगदलपुर, कोण्डागांव, कांकेर, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, महासमुंद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर चाम्पा, दुर्ग, बेमेतरा, जशपुर, सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर
. योजना में सम्मिलित होने की प्रक्रिया - भूमि का रकबा, खसरा नंबर के साथ स्थानीय उद्यानिकी अधिकारी से संपर्क करें।
. आयल पाम की खेती के बारे में अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
. जिला जगदलपुर, कोण्डागांव, कांकेर, सुकमा एवं महासमुंद के कृषक- श्री पी. हरीश (7670988201)
. जिला जशपुर, सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के कृषक- श्री संजीव गायन (9630053999)
. जिला रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर चाम्पा के कृषक- श्री भरत भूषण (7682805237)
. जिला दुर्ग, बेमेतरा के कृषक - श्री मनोज शर्मा (9502777022)
. योजना में सम्मिलित होने हेतु नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर एवं प्रस्तावित रकबे की जानकारी के साथ निम्न विवरण पर संपर्क किया जा सकता है -
. मोबाइल नंबर - 9243539639
. ईमेल आई.डी.- oilpalm.cg@gmail.com

योजना की विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट - http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi से प्राप्त किया जा सकता है।

सही/-
संचालक, उद्यान

जी-252601178/5

संक्षिप्त खबरें

फिर लौट रहा कोरोना, रायपुर और दुर्ग से मिले दो नए मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं, जिससे स्वास्थ्य

विभाग की चिंता बढ़ गई है। सोमवार को रायपुर और दुर्ग जिलों से दो नए कोरोना पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर के अवंति विहार इलाके की लगभग 50 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित पाई गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, जिससे संक्रमण का स्रोत स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल महिला का इलाज MMI नारायणा अस्पताल में चल रहा है। वहीं, दुर्ग जिले में भी एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और यदि किसी में संक्रमण के लक्षण नजर आएं तो तुरंत टेस्ट करवाएं और चिकित्सकीय सलाह लें।

विरोध को किया दरकिनार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संघों के विरोध को दरकिनार करते हुए कहा कि यह बच्चों के हित में है। शिक्षकों और छात्रों का अनुपात में संतुलन जरूरी है। कुछ स्कूलों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा तो कुछ स्कूलों में बहुत कम हैं। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संतुलित किया जाएगा। रायपुर से सारंगढ़ रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि सारंगढ़ और रायगढ़ जिले का दौरा करेंगे. समाधान शिविर में शामिल होंगे. सुशासन तिहार में जनता से संवाद करेंगे. रायगढ़ में सुशासन तिहार की समीक्षा करेंगे। वहीं सुशासन तिहार में विधायकों की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनता से पूछता हूं विधायकगण आपके बीच जा रहे हैं कि नहीं. हमारे सब विधायक क्षेत्र में जा रहे हैं. सुशासन तिहार के दौरान समाधान शिविर अटेंड कर रहे हैं।

एससीसीएल हादसे में युवक घायल

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा कोयला खदान में आज सुबह बड़ा हादसा हुआ है। हरदी बाजार मुंडापार बाजार के रहने वाले तीन युवक कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसे थेए जिसमें से दो युवकों की दबकर मौत हो गईए जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान विशाल यादव;18 वर्षद्ध और धन सिंह कंवर 24 वर्ष के रूप में हुई हैए जबकि घायल युवक की पहचान साहिल धनवार ;19 वर्षद्ध के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही हरदी बाजार पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोयला चोरी की वारदातें आज भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं और थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गईए लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों की भीड़ जमा- घटना के बाद बड़ी संख्या में गांव वाले मौके पर जमा हो गए हैं। मृतकों के शव को अभी भी खदान से बाहर नहीं निकाला गया है। इस घटना सेैम्ब्स् की लापरवाही उजागर होती है और स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वन्यजीव शिकार की बड़ी साजिश नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन विभाग वन्य अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। इसी अभियान के तहत बलौदा बाजार वन विभाग की सतर्क टीम ने बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों के शिकार की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया। गश्त के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक वैगनआर वाहन, एयर गन, टॉर्च, मोबाइल सहित शिकार में प्रयुक्त होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन और उप वनमंडलाधिकारी आनंद कुदरिया, अनिल वर्मा , प्रशिक्षु गजेंद्र वर्मा और परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू के नेतृत्व में की गई। टीम ने रात करीब 10:30 बजे कोठारी क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 223 और सोनाखान परिक्षेत्र के नवागांव (कक्ष क्रमांक 247) में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए वाहन क्रमांक CG 12 AU 1332 को रोका।

गरज-चमक के साथ रायपुर में झमाझम बारिश

■ **बारिश के साथ रफ्तार से चली हवाएं**

रायपुर/नवप्रदेश । देश में 25 मई से नौतपा शुरू हो चुका है,लेकिन पिछले दो दिनों से ऐसा लग रहा है कि सूरज की तपिश और बारिश में प्रतिस्पर्धा देखने को मिला कि कौन किसे पछाड़ता है। राजधानी में सुबह से ही बादलों ने डेरा डाल लिया था, और शाम होते होते जमकर बरसे। नौतपा की तपिश से लोगों को राहत मिली। मौसम पूरी तरह सावन भादों की तरह महसूस हो रहा है । बादलों ने सूर्य देव को घेर रखा है। बादल छटते ही सूर्यदेव निकल पड़ते फिर बादल उसे घेरने में लगे जाते है। हालांकि इस बार छत्तीसगढ़ में मौसम में हुए बदलाव से जनता को गर्मी से राहत मिलती दिख रही है। अप्रैल महीने में जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं लगातार हो रही हल्की से मध्यम बारिश और आंध-तूफान की वजह से अब तापमान करीब 35 डिग्री तक गिर गया है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ तेज़ आंधी और तूफान की संभावना के चलते रेड अलर्ट जारी किया है।

जिन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है उनमें रायपुर, रायगढ़, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा और कोरबा का नाम शामिल है। इन जिलों में बारिश के साथ 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना भी जताई गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने पहले ही अगले 5 दिनों तक प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

संभावित नुकसान को देखते हुए प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस दौरान पेड़ गिरने, बिजली गुल होने और अस्थाई ढांचों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की गई है।

सुरक्षा के लिए सलाह

- बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें।
- बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें।
- वाहन सावधानी से चलाएं और सुरक्षित स्थान पर पार्क करें।
- स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग के अपडेट पर नजर बनाए रखें।

किसानों के लिए शुभ संकेत

छत्तीसगढ़ में इस अचानक बदले मौसम ने गर्मी से थोड़ी राहत तो दी ही है, लेकिन इसके साथ ही किसानों के लिए भी यह अच्छा संकेत है। प्री-मानसूनी बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ेगी, जिससे आने वाले खरीफ सीजन में बोवनी की तैयारियां शुरू हो सकेंगी।

नाले में बने चेक डेम से पानी को तरसते किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

■ **चेकडेम से 20 किसानों के 17 एकड़ भूमि में बड़ी सिंचाई सुविधा**

रायपुर/नवप्रदेश। नाला में बने चेक डेम से पानी को तरसते किसानों के चेहरे पर आई मुस्कानकिसान की मेहनत सफल तभी हो सकती है जब किसान के पास समय पर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो। ग्राम पंचायत बरदर में नाले के किनारे रहने वाले कई किसानों के पास सिंचाई का संसाधन न होने से उन्हें अपने खेतों से मनचाहा लाभ नहीं मिल पाता था। गांव के किनारे बहने वाले नाले से पूरा बारिश का पानी बहकर आगे हसदेव नदी में जाकर मिलता था और उसके बाद गर्मी आते तक वह नाला पूरी तरह से जल विहीन हो जाता था। बारिश में खेतों मे कटाव करके बहने वाली बारिश का पानी बाद में सिंचाई तो दूर उनके पशुओं के लिए पेयजल भी नहीं दे पाता था। लेकिन बीते वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बनाए गए एक पक्के चेक डेम से अब गांव का एक कोना हर मौसम में हरा भरा रहता है। यहां आधा दर्जन किसान पंपों के सहारे अपने 17 एकड़ से अधिक

खेतों में सिंचाई का लाभ लेते हुए दो फसलें और तीन फसलें तक लेने लगे हैं।

मई की तपती गर्मी में भी बरदर के दर्जन भर किसानों के खेतों में उड़द की फसल लहलहा रही है। मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां का एक ग्राम पंचायत बरदर है। यहां गांव के किनारे से एक मोरघनिया नाला बहता है। यह एक बरसाती नाला है जिसमे बारिश में तो पर्याप्त जल रहता था। लेकिन बारिश खत्म होने के बाद से इसमें जल कम होने लगता था और गर्मी आते तक यह पूरी तरह से सूख जाता था। इस नाले को नरवा विकास के तहत चयनित कर इसका सर्वे किया गया और उपयुक्त जगह पर गत वर्ष एक पक्का चेक डेम बनाया जाना प्रस्तावित किया गया। ग्राम सभा से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार कार्य की स्वीकृति प्रदान करते हुए ग्राम पंचायत बरदर को निर्माण एजेंसी बनाया गया। तकनीकी सहायक राहुल की देखरेख में ग्राम पंचायत ने समय सीमा में कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किया। इस कार्य से एक हजार से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार भी ग्रामीणों को प्राप्त हुआ। चेक डेम बन जाने के बाद यहां बड़ी मात्रा में जल संचय किया जा रहा है। चेकडेम से पीछे लगभग एक किलोमीटर तक बैकवाटर होने से आस पास का जल स्तर बेहतर हो रहा है। साथ ही किसानों को अपनी फसलों में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल भी उपलब्ध हो पा रहा है। मोरघनिया नाले में बने चेक डेम से ग्राम पंचायत में रहने वाले किसान सत्यनारायण, फागुनाथ सिंह, राजकुमार, बलदेव, बाबूलाल, राजकिशुन, सुरेश और शिवप्रसाद जैसे कुल 20 किसानों के लगभग 17 एकड़ से अधिक भूमि में दो फसली सिंचाई सुविधा ब? गई है। इन किसानों ने बताया कि पहले सूख जाने वाले नाले में चेकडेम बन जाने से सिंचाई की दिक्कत समाप्त हो गई हैं अब हम अपनी मर्जी से फसलों की बुआई करके अच्छा लाभ कमा रहे हैं। वर्तमान में इस चेक डेम से लगी भूमि से लगभग दस एकड़ में उड़द और सब्जी की फसल लगी हुई है। इसके पहले किसानों ने धान और गेहूं की भरपूर फसल लेकर अच्छा मुनाफा कमाया है। कुल मिलाकर एक संसाधन से कई घरों में जीवन की शैली और स्तर में परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। ऐसे में महात्मा गांधी नरेगा के तहत बने एक पक्के चेक डेम ने उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में परिवर्तन लाना आरंभ किया है।

मुख्य सूचना आयुक्त की दौड़ में अमिताभ जैन आगे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय में रिक्त पड़े मुख्य सूचना आयुक्त के पद की दौड़ में मुख्य सचिव आगे चल रहे हैं। वे अगले महीने जून में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। 28 मई को आयुक्तों के पद के लिए साक्षात्कार होगा।

महानदी मंत्रालय के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त का पद पिछले एक वर्ष से खाली है। नए नियमों के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त एवं आयुक्तों का कार्यकाल दो वर्षों का होता है। मुख्य सूचना आयुक्त के लिए निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक समिति बनाई गई है, जिसमें मुख्यमंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए एक समिति बनाई गई थी, जिसमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को रखा गया है। इस समिति ने मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए साक्षात्कार ले लिया है। इस पद के लिए अमिताभ जैन का चयन होना निश्चित माना जा रहा है, वे अगले महीने मुख्य सचिव पद से रिटायर्ड हो रहे हैं, इसके अलावा पूर्व पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी थी दावेदार हैं। समझा जाता है कि सुशासन तिहार 31 मई को समाप्त हो रहा है, इसके पश्चात ही चयन सूची जारी होगी। अधिकारियों के अनुसार मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। लेकिन वे नियमानुसार जून के अंतिम दिवस तक कार्य करते रहेंगे।

आयुक्तों का साक्षात्कार 28 को

कई पत्रकार सहित आईएएस अधिकारी, आईपीएस अधिकारी आयुक्त पद के लिए दावेदार हैं, इनका साक्षात्कार कल 28 मई को होगा। इस पद के लिए पत्रकार अरूण उपाध्याय, दीपा दास, प्रमोद ब्रह्म भट्ट तथा आईएएस अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव एवं संजय पिल्ले आवेदक हैं। इनका साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकगण इस समय विभिन्न राज नेताओं के चक्कर काट रहे हैं।

पीएम आवास में लापरवाही, 10 ग्राम सचिवों का मई का वेतन रोका

कोरबा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना; ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में धीमी प्रगति को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने अनुशासनात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने इस योजना में अपेक्षित कार्य न कर पाने वाले 10 ग्राम पंचायत सचिवों के मई 2025 माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

सीईओ नाग ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध केंद्र और राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक हैए जिसके अंतर्गत वर्ष 2024.25 हेतु जिले को वृहद लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनाओं की समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारी.कर्मचारियों को आवश्यक

दिशा.निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैंए किंतु क्षेत्रीय निरीक्षणों एवं समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ कि कई ग्राम पंचायत सचिव योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन सचिवों द्वारा न तो निर्माण कार्यों की प्रगति का सही आंकलन किया गयाए और न ही योजनाओं की जमीनी हकीकत से अवगत होने का प्रयास किया गया।

सीईओ जिला पंचायत ने 10 ग्राम पंचायत सचिवों के मई माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने हेतु उपसंचालक पंचायत को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इन सचिवों पर कार्यवाही की गई है . श्री गोपाल सिंह दृ ग्राम पंचायत सलिहाभांठाएश्री जितेन्द्र कुमार दृ ग्राम पंचायत जल्केएश्री राजकुमार रजक दृ ग्राम पंचायत पनगवां, बहादुर सिंह दृ ग्राम पंचायत खोडरी ;पसानद्धएश्री रमेश्वर राजवाड़े दृ ग्राम पंचायत नवापाराएश्री मोहन सिंह दृ ग्राम पंचायत पुटीपखना, कन्हैया लाल दृ ग्राम पंचायत लेपराएश्री बलराम केरकेट्टा दृ ग्राम पंचायत अमलीकुंडाए श्री जिंदलाल दृ ग्राम पंचायत मोरगा, विरेन्द्र कुमार साहू ग्राम पंचायत रामपुर ;लैंगा। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीएऔर आगे भी लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक ड्राइवर से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। प्रार्थी रोशनलाल नेतामए निवासी ग्राम आनंदपुरए पोस्ट चिटौदए थाना पुरूरए जिला बालोदए वर्तमान में वैभव नंदा सेठ ;निवासी धमतरीद्ध के नंदा ट्रांसपोर्ट में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत है। प्रार्थी अपने हेल्पर दिनेश साहू के साथ ट्रक में हाईब्रिड धान लोड कराकर पुरूर से अंबिकापुर के लिए रवाना हुआ था। 21मईको धान भरकर अंबिकापुर से कोण्डागांव के लिए निकला।

रात्रि लगभग 2. 30 से 3. 00 बजे के मध्यए चोटिया टोल से लगभग 18.20 किलोमीटर आगे एक पुलिया के पास ट्रक का टायर फटने पर वाहन को किनारे लगाकर नया टायर लगाया जा रहा था। तभी एक सफेद रंग की टाटा जेस्ट कार ट्रक के पीछे आकर रुकी। कार से एक व्यक्ति पानी माँगने के बहाने नीचे उतरा और अन्य 2.3 लोग भी उतरकर ट्रक ड्राइवर और हेल्पर के साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने टायर लीवर से प्रार्थी के साथ हमला किया एवं हेल्पर के साथ केबिन में घुसकर हाथ.मुक्कों से मारपीट की। आरोपियों ने ट्रक के केबिन से खाकी शर्ट ;जिसमें वीवो कंपनी का मोबाइलए पर्स जिसमें आधार कार्डए ड्राइविंग लाइसेंसए एटीएम कार्डए ?1000 नगद एवं कृषक संगवारी समितिए करजी अंबिकापुर से प्राप्त 39,000 एडवांस राशि रखी थी, सहित सामान लूट लिया और भागने लगे। प्रार्थी द्वारा कार का पीछा करते हुए लोहे की हुक से कार की पिछली खिड़की पर प्रहार कियाए जिससे शीशा टूट गया।

खेती-किसानी... खाद बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिये भटक रहे हैं किसान

थरहा के लिए पूरे प्रदेश में खाद-बीज का संकट

■ **भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही**

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ की बुवाई और थरहा के लिए पूरे प्रदेश में खाद और बीज के संकट को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून केरल आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के किसान विरोधी षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया को खपाने का अड्डा बन गया है। किसान संगठनों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन खाद

और बीज को खपाने के लिए ही यह सरकार सरकारी समिति और निजी दुकानों के लिए किसानों के वास्तविक डिमांड के अनुरूप खाद, बीज की आपूर्ति नहीं करवा रही है। समय पर खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान जमाखोरों, बिचौलियों और मिलावटखोरों के हाथों शोषित होने मजबूर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है की पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसग? से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com